



दैनिक सीहोर जिले का प्रथम दैनिक K ✌ K RNI No.MPHIN/2003/10309

# क्षितिज ✌ किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे | सीहोर जिले, होशंगाबाद संभाग एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा वर्ष-22 अंक-49 सीहोर, रविवार 06 अप्रैल 2025 पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना


## गर्मी बरपाएगी कहर, अगले दो दिन में 42 डिग्री पहुंचेगा पारा, आईएमडी ने जारी किया अलर्ट




नोएडा (आरएनएस)। दिल्ली में भीषण लू का खतरा मंडरा रहा है। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने शुक्रवार को राजधानी समेत कई राज्यों के लिए हाई अलर्ट जारी किया है। 6 या 7 अप्रैल तक दिल्ली-एनसीआर का तापमान 42 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है।अगले छह दिनों तक भीषण गर्मी का दौर जारी रहने का पूर्वानुमान है। हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश, राजस्थान और गुजरात के लोग भी झुलसाने वाली गर्मी झेलने को मजबूर होंगे। मौसम विभाग ने इन इलाकों में तापमान में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ोतरी का अनुमान जताया है। मौसम विभाग के अनुसार, अप्रैल से जून के बीच भारत में सामान्य से अधिक गर्मी पड़ने की संभावना है। इस अवधि में आमतौर पर खूब लू चलती है। इस साल गर्मी और भी खतरनाक रूप ले सकती है।वैज्ञानिकों के अनुसार, इसका मुख्य कारण जलवायु परिवर्तन है। मौसम विभाग की मानें तो 5 अप्रैल को अधिकतम तापमान 39 डिग्री और न्यूनतम तापमान 19 डिग्री रहने की आशंका जताई गई है और दिन के समय तेज हवाओं का सामना भी लोगों को करना होगा। मौसम विभाग के मुताबिक, 6 अप्रैल से पारा बढ़ना शुरू होगा और अधिकतम तापमान 40 डिग्री और न्यूनतम तापमान 20 डिग्री पहुंच जाएगा। ठीक इसी तरह 7 अप्रैल को भी अधिकतम तापमान 41 डिग्री और न्यूनतम तापमान 21 डिग्री पहुंचने की संभावना जताई गई है।8 अप्रैल को मौसम विभाग के मुताबिक, अधिकतम तापमान 41 डिग्री और न्यूनतम तापमान 22 डिग्री तक पहुंच जाएगा। मौसम विभाग के अनुसार, 9 अप्रैल से लेकर 11 अप्रैल तक अधिकतम तापमान 40 डिग्री और न्यूनतम तापमान 22 डिग्री रहने की संभावना जताई गई है, लेकिन इन दोनों दिनों में बहुत ज्यादा उमस और गर्मी का सामना लोगों को करना पड़ेगा। दिन के वक्त तेज चल रही हवाओं और लू के चलते लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

### भारत का पहला वर्टिकल लिफ्ट समुद्री पुल बनकर तैयार, रामनवमी के मौके पर पीएम मोदी करेंगे उद्घाटन

नई दिल्ली (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 6 अप्रैल को तमिलनाडु का दौरा करेंगे। रामनवमी के अवसर पर, दोपहर 12 बजे पीएम मोदी भारत के पहले वर्टिकल लिफ्ट समुद्री पुल 'नये पंबन रेल पुल' का उद्घाटन करेंगे। वह सड़क पुल से एक ट्रेन और एक जहाज को हरी झंडी दिखाएंगे तथा पुल के संचालन को देखेंगे।इसके बाद, दोपहर 12:45 बजे पीएम मोदी रामेश्वरम के रामनाथस्वामी मंदिर में दर्शन और पूजा करेंगे। दोपहर 1:30 बजे रामेश्वरम में ही वह तमिलनाडु में 8,300 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न रेल और सड़क परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे और उन्हें राष्ट्र को समर्पित करेंगे। इस अवसर पर वह एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे।पीएम नरेंद्र मोदी ने शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, 6 अप्रैल (रविवार) को रामनवमी के शुभ अवसर पर, मैं तमिलनाडु के अपने भाइयों और बहनों के बीच आने के लिए उत्साहित हूं। नये पंबन रेल ब्रिज का उद्घाटन किया जाएगा।

## अयोध्या में रामनवमी की व्यापक तैयारी, चप्पे-चप्पे में सुरक्षा व्यवस्था मुस्तैद



अयोध्या ,(आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के अयोध्या में रामनवमी की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। श्रीराम जन्मोत्सव पर देश-विदेश से आने वाले लाखों श्रद्धालुओं की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। सीसीटीवी और ड्रोन के माध्यम से निगरानी की जा रही है। पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) प्रवीण कुमार ने बताया कि अयोध्या में रामनवमी को लेकर सुरक्षा की सारी तैयारियां जोरों पर हैं। हर महत्वपूर्ण जगह सीसीटीवी लगाए गए हैं। सुरक्षा के लिए कई जगह कैमरे लगाए गए हैं। ड्रोन के माध्यम से भी निगरानी की जा रही है। अयोध्यावासी भी हमारी सुरक्षा का हिस्सा हैं। मल्लाह और वेंडर सभी की सुरक्षा के पहलुओं को देख रहे हैं और कार्रवाई कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में लोग अयोध्या आते हैं। उनके प्रबंधन का इंतजाम किया जा रहा है। गर्मी को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन के साथ तालमेल करके सारे इंतजाम किए जा रहे हैं। सभी लोग मिलकर टीम भावना के साथ काम कर रहे हैं। भीड़ प्रबंधन का बेहतर इंतजाम किया गया है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाएगा। राम मंदिर, कनक भवन, हनुमानगढ़ी, रामपथ तक जोन में बंटे हुए हैं। आवश्यकता पड़ने पर इंटरनल डायवर्जन भी किए जाएंगे। अयोध्या में जिला प्रशासन ने रामनवमी पर्व को लेकर बेहद खास तैयारियां की हैं। रामकथा पार्क में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। विभिन्न विभागों की ओर से प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। रामनवमी के दिन मंदिर में होने वाले सूर्य तिलक अनुष्ठान की विशेष महिमा होगी, जिसे विश्व भर के श्रद्धालु लाइव देख सकेंगे। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने कहा कि रामनवमी केवल एक पर्व नहीं, बल्कि यह भारतीय संस्कृति, अध्यात्म और वैज्ञानिक परंपराओं का अद्वितीय उदाहरण है। रामनवमी के दिन सुबह 6 बजे श्रीरामलला का पवित्र जल, पंचामृत और औषधियों से अभिषेक किया जाएगा। इसके बाद, 9:30 से 10:30 बजे तक विशेष श्रृंगार और भोग अर्पण होगा।

### दर्दनाक हादसा : सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकराई वैन, 5 की मौत-11 घायल

कलबुर्गी(आरएनएस)। कर्नाटक के कलबुर्गी जिले में शनिवार तड़के एक भीषण सड़क हादसे में 5 लोगों की मौत हो गई और 11 अन्य घायल हो गए। यह हादसा नेलोगी क्रॉस के पास उस समय हुआ जब एक वैन सड़क किनारे खड़े एक ट्रक से जा टकराई। जानकारी के मुताबिक, यह दुर्घटना सुबह करीब साढ़े 3 बजे घटी। वैन (मैक्सीकैब) में सवार सभी लोग बागलकोट जिले के रहने वाले थे और ख्वाजा बंदे नवाज दरगाह, कलबुर्गी जा रहे थे। वैन के ट्रक से टकराने के चलते वाजिद, महबूबी, प्रियंका और महबूब सहित पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही कलबुर्गी के पुलिस अधीक्षक ए. श्रीनिवासुलु अपनी टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया।

## पनीर के नाम पर बिक रहा जहर, खाद्य मंत्री ने लिखी स्वास्थ्य मंत्री को चिट्ठी, सभी राज्यों को कार्रवाई का आदेश



नई दिल्ली (आरएनएस)। अगर आप भी पनीर खाने के शौकीन हैं तो यह खबर आपके लिए अहम है। खबर यह है कि बाजारों में भारी मात्रा में नकली पनीर बेचा जा रहा है। इसी नकली पनीर के खिलाफ आने वाले दिनों में केंद्र सरकार बड़ा कदम उठा सकती है। इस संबंधी खाद्य मंत्री प्रल्हाद जोशी ने स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा से देशभर के फास्ट फूड दुकानों, रेस्तरां और अन्य बाजारों में नकली और मिलावटी पनीर की बिक्री के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करने का आग्रह किया है। जोशी ने लिखा, 'नैशनल कंस्यूमर हेल्पलाइन पोर्टल पर उपभोक्ताओं ने इस मामले में कई शिकायतें दर्ज कराई हैं, जिनसे देशभर में नकली और मिलावटी पनीर बेचे जाने के बढ़ते ट्रेंड का पता चल रहा है। ऐसे नकली और मिलावटी खाद्य पदार्थों के सेवन से सेहत को गंभीर नुकसान हो सकता है।

## केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान के काफिले की गाड़ी पलटी, 3 पुलिसकर्मी घायल



सीहोर (निप्र)। मध्य प्रदेश के सीहोर जिले में शनिवार को केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के काफिले में शामिल एक पुलिस वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसा आष्टा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम बेदाखेड़ी के पास उस वक्त हुआ, जब मंत्री का काफिला भोपाल से देवास जिले के खातेगांव संदलपुर की ओर जा रहा था। जानकारी के मुताबिक, काफिले में आगे चल रही पुलिस की फॉलो गाड़ी अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में वाहन में सवार तीन पुलिसकर्मी घायल हो गए। घायल पुलिसकर्मियों की पहचान एएसआई एसपी सिमोलिया, नीरज शुक्ला और आकाश अटल के रूप में हुई है। तीनों को तत्काल सीहोर जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका उपचार जारी है। बताया जा रहा है कि केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान पूरी तरह सुरक्षित हैं।वहीं, शनिवार को ही प्रदेश के रायसेन जिले में भी एक दुखद सड़क हादसा सामने आया।



कोलंबो के इंडिपेंडेंस स्कायर में औपचारिक स्वागत के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमार दिसानायके।

### रंजिश को लेकर पड़ोसी ने युवक के चेहरे पर किया एसिड अटैक

भोपाल(ए)। राजधानी के पिपलानी थाना इलाके के ऑटो खड़ा करने को लेकर जारी अनबन के चलते एक युवक के चेहरे पर एसिड अटैक किये जाने की सनसनीखेज घटना सामने आई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार हथाईखेड़ा में रहने वाला राजेश (28) वेल्डिंग का काम करता है। उसने कुछ दिन पहले ही ऑटो खरीदा है, जिसे वह घर के पास ही खड़ा करता है। उसके ऑटो खड़ा करने को लेकर पड़ोस में रहने वाले मदन विश्वकर्मा को आपत्ति थी। इस बात को लेकर दो दिन पहले फरियादी और पड़ोसी के बीच विवाद हो गया था। तब फरियादी और मदन के बीच मारपीट भी हुई थी। बाद में दोनों पक्षों का थाने में राजीनामा हो गया था। फरियादी ने पुलिस को बताया की शुक्रवार देर शाम वह हथाईखेड़ा डैम पर अपने मवेशियो को लेकर खदेड़ते हुए घर लौट रहा था।

## मशहूर फिल्म अभिनेता मनोज कुमार पंचतत्व में विलीन, बेटे कुणाल ने दी मुखाग्नि

### -सलीम खान, सुभाष घई, प्रेम चोपड़ा, अमिताभ बच्चन समेत अनेक सेलेब्स पहुंचे



मुंबई,(ए)। मशहूर अभिनेता एवं फिल्म निर्देशक मनोज कुमार का शनिवार को राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। मुंबई के जुहू स्थित पवनहंस श्मशान घाट पर उनकी पार्थिव देह को तिरंगे में लपेटकर लाया गया, जहां उन्हें 21 तोपों की सलामी दी गई। इसके बाद उनके बेटे कुणाल गोस्वामी ने उन्हें मुखाग्नि दी। उनके अंतिम संस्कार में प्रेम चोपड़ा, सलीम खान, सुभाष घई, अमिताभ बच्चन समेत अनेक सेलेब्स शामिल हुए।यहां बताते चलें कि देशभक्ति से ओतप्रोत फिल्में बनाने के कारण मनोज कुमार को भारत कुमार के नाम से भी जाना जाता है। ऐसे देशप्रेमी मनोज कुमार का शुक्रवार को निधन हो गया था। मुंबई स्थित कोकिलाबेन अस्पताल में इलाज के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली। मशहूर अभिनेता मनोज कुमार का राजकीय सम्मान के साथ शनिवार को अंतिम संस्कार किया गया। मुंबई के जुहू स्थित पवनहंस श्मशान घाट पर उनके पार्थिव शरीर को तिरंगे में लपेटकर रखा गया और 21 तोपों की सलामी दी गई। इसके बाद उनके बेटे कुणाल ने उन्हें मुखाग्नि दी।मनोज कुमार के अंतिम संस्कार में सलमान खान के पिता सलीम खान बेटे अरबाज खान के साथ पवनहंस श्मशान घाट पहुंचे थे। गौरतलब है कि मनोज कुमार और सलीम खान ने क्रांति फिल्म में साथ काम किया था। इनके अलावा दाह संस्कार में रजा मुराद, प्रेम चोपड़ा, राजपाल यादव, अन्नू मलिक, सुभाष घई समेत अनेक बॉलीवुड सेलेब्स शामिल हुए। अमिताभ बच्चन भी अपने बेटे अभिषेक बच्चन के साथ मनोज कुमार के अंतिम संस्कार में शामिल होने पहुंचे थे। सभी ने यहां नम आंखों से हाथ जोड़ मनोज कुमार को अंतिम विदाई देते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की।

### रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने किया नौसेना की परियोजनाओं का उद्घाटन

#### -आईओएस सागर को दिखाई हरी झंडी

कारवार (ए)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कर्नाटक के कारवार नौसैनिक अड्डे पर नौसेना की तमाम परियोजनाओं का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने हिंद महासागर पोत आईओएस सागर को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। आईएनएस सुनयना से जुड़े इस जहाज में नौ देशों की नौसेनाओं के 44 कर्मी सवार हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि हिंद महासागर पोत आईओएस सागर की यात्रा की शुरुआत पर ढेर सारी बधाई। मैं भारतीय नौसेना और हिंद महासागर क्षेत्र के हमारे सभी हितधारकों की सराहना करता हूं। आपके अथक प्रयासों और मेहनत से ही यह संभव हो पाया है। सभी मित्र देश जो सागर की यात्रा में विशेषज्ञता और अनुभव साझा करने आए हैं, उनका भी आभार। उन्होंने कहा कि मुझे खुशी है कि सागर पहल के 10 साल पूरे होने पर आईओएस सागर हिंद महासागर की यात्रा पर निकल रहा है।

## सीमा पर पाकिस्तान को BSF का करारा जवाब, घुसपैठ की कोशिश को किया नाकाम, एक मार गिराया



जम्मू (आरएनएस)। पाकिस्तान की ओर से लगातार बढ़ रही हिमाकत के बीच सीमा सुरक्षा बल (BSF) ने एक बार फिर मुंहतोड़ जवाब दिया है। शुक्रवार और शनिवार की दरम्यानी रात जम्मू सेक्टर में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर घुसपैठ की कोशिश को नाकाम करते हुए बीएसएफ के जवानों ने एक पाकिस्तानी घुसपैठिए को मार गिराया। बीएसएफ के आधिकारिक प्रवक्ता ने बताया कि शुक्रवार देर रात जम्मू सीमा क्षेत्र में जवानों को कुछ संदिग्ध गतिविधियां नजर आईं। जब सतर्क जवानों ने ध्यान दिया तो पाया कि एक व्यक्ति भारतीय सीमा में घुसने की कोशिश कर रहा था।जवानों ने उसे रुकने और सरेंडर करने की चेतावनी दी, लेकिन वह लगातार आगे बढ़ता रहा। हालात को भांपते हुए जवानों ने कार्रवाई की और उसे मौके पर ही ढेर कर दिया। अधिकारियों ने बताया कि इस घटना के संबंध में पाकिस्तान रेंजर्स को कड़ा विरोध पत्र सौंपा गया है। फिलहाल घुसपैठिए की पहचान और उसके मंसूबों का पता लगाया जा रहा है। बीएसएफ की कार्रवाई से यह स्पष्ट हो गया है कि भारत की सीमाएं सुरक्षित हैं और किसी भी घुसपैठ की कोशिश को सफल नहीं होने दिया जाएगा।

## नरोत्तम मिश्रा ने धनोतिया जी की माताश्री के निधन पर निवास पहुंचकर श्रद्धांजलि दी



भोपाल(निप्र)। भाजपा नेता नरोत्तम मिश्रा ने भोपाल के वरिष्ठ पत्रकार श्री राजेन्द्र धनोतिया की माताजी श्रीमती लीलादेवी धनोतिया जिनका निधन विगत 28 मार्च 2025 को हो गया था। के निज निवास पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की। श्री मिश्रा ने स्व. श्रीमती धनोतिया की आत्मा की शांति और परिजन को यह दुःख सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की।

### इसरो को एक और बड़ी कामयाबी, पीओईएम-4 मॉड्यूल सफलतापूर्वक पृथ्वी के वायुमंडल में लौटा

नई दिल्ली (ए)। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की है। पीएसएलवी ऑर्बिटल प्लेटफॉर्म एक्सपेरिमेंट मॉड्यूल (पीओईएम-4) का चौथा संस्करण सफलतापूर्वक पृथ्वी के वायुमंडल में पुनः प्रवेश कर गया। यह मॉड्यूल 4 अप्रैल 2025 को भारतीय समयानुसार सुबह 8:03 बजे हिंद महासागर में टकराया। इसरो ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व ट्विटर) पर जानकारी साझा करते हुए बताया कि पीओईएम-4 को पृथ्वी की ओर लाने का मुख्य उद्देश्य अंतरिक्ष में बढ़ते मलबे को कम करना था। यह कदम अंतरिक्ष पर्यावरण की सुरक्षा के लिहाज से एक महत्वपूर्ण पहल है। अपने मिशन जीवनकाल के दौरान, पीओईएम-4 ने कुल 24 पेलोड्स—जिसमें 14 इसरो के और 10 विभिन्न गैर-सरकारी संस्थाओं के थे—का सफलतापूर्वक संचालन किया। इन पेलोड्स से महत्वपूर्ण वैज्ञानिक डेटा प्राप्त हुआ, जो भविष्य के अंतरिक्ष मिशनों के लिए उपयोगी साबित होगा। इसरो ने आगे बताया कि पीओईएम-4 को एक सुरक्षित और अपेक्षित कक्षा (350 किमी) में लाने के लिए उसके इंजन को सक्रिय किया गया।



राजधानी समाचार

रविवार 06 अप्रैल 2025,सीहोर

दैनिक क्षितिज किरण 



# दिल्ली के लाल किले पर होगा 3 दिवसीय विक्रमादित्य महानाट्य का मंचन : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## सम्राट विक्रमादित्य का शासन काल सुशासन व्यवस्था का प्रस्तुत करता है आदर्श उदाहरण



2000 साल पहले सम्राट विक्रमादित्य ने की थी गणतंत्र की स्थापना

भोपाल (ए.)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि अतीत के गौरवशाली इतिहास को जन सामान्य के सामने लाने के लिये 2 हजार वर्ष पहले सम्राट विक्रमादित्य द्वारा सुशासन के सिद्धांतों पर स्थापित शासन संचालन व्यवस्था और उनकी कीर्ति पर केन्द्रित महानाट्य की प्रस्तुति दिल्ली के लाल किले पर 12-13-14 अप्रैल को होने जा रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का ध्येय वाक्य विरासत से विकास की ओर हमारे लिए एक पाथेय की तरह सिद्ध हो रहा है। हम विकास कार्यों में विरासत को महत्वपूर्ण स्थान दे रहे हैं। मध्यप्रदेश सरकार सुशासन को ध्यान में रखते हुए विकास और जनकल्याण की सभी गतिविधियां संचालित कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को नई दिल्ली में विक्रमोत्सव अंतर्गत सम्राट विक्रमादित्य महानाट्य के महामंचन के संबंध में पत्रकारों से चर्चा कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सम्राट विक्रमादित्य के विराट व्यक्तित्व को सबके सामने लाने के लिए महानाट्य की कल्पना की गई है। उन्होंने कहा कि जब इसका मंचन दिल्ली में 12, 13 और 14 अप्रैल को लाल किले पर होगा तो इसमें हाथी, घोड़ों, पालकी के साथ 250 से ज्यादा कलाकार अभिनय करते नजर आएंगे। महानाट्य में शामिल कलाकार निजी जीवन में अलग-अलग क्षेत्र के प्रोफेशनल्स हैं। महानाट्य में वीर रस समेत सभी रस देखने को मिलेंगे। महानाट्य का मंचन गौरवशाली इतिहास को विश्व के सामने लाने का मध्यप्रदेश सरकार का एक अभिनव प्रयास है। इस कालजयी रचना को सबके सामने रखने में दिल्ली सरकार का भी सहयोग मिल रहा है। इससे पहले हैदराबाद में भी विक्रमादित्य महानाट्य की प्रस्तुति हो चुकी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सम्राट विक्रमादित्य का शासन काल, सुशासन व्यवस्था का एक आदर्श उदाहरण प्रस्तुत करता है। वे एकमात्र ऐसे शासक थे, जिनके जीवन के विविध प्रसंगों से आज भी लोग प्रेरणा लेते हैं। उनके द्वारा किए गए कार्य और नवाचार आज भी प्रासंगिक हैं। वर्तमान में हिजरी और विक्रम संवत प्रचलन में हैं। इसमें विक्रम संवत उदार परंपरा को लेकर चलने वाला संवत है, अर्थात संवत चलाने वाले के लिए शर्त है कि जिसके पास पूरी प्रजा का कर्ज चुकाने का सामर्थ्य हो, वही संवत प्रारंभ कर सकता है। सम्राट विक्रमादित्य ने अपने सुशासन, व्यापार-व्यवसाय को प्रोत्साहन और दूरदृष्टि से यह संभव किया विक्रमादित्य ने विदेशी शक आक्रांताओं को पराजित कर विक्रम सम्वत् का प्रारंभ 57 ईस्वी पूर्व में किया था। विक्रम संवत के 60 अलग-अलग प्रकार के नाम हैं। संवत 2082 को धार्मिक अनुष्ठानों के संकल्प में सिद्धार्थ नाम दिया गया है। ये 60 नाम चक्रीकरण में बदलते रहते है। विक्रमादित्य का न्याय देश और दुनिया में प्रचारित हुआ।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दीनदयाल शोध संस्थान द्वारा आयोजित 12 वें नानाजी स्मृति व्याख्यान माला का शुभारंभ किया।

# जल संरक्षण के लिए निरंतर बढ़ रही है जन सहभागिता

## कुओं, बावड़ियों और तालों के पुनर्जीवित होने से बढ़ने के साथ सुरक्षित रहेगा भूजल

भोपाल (ए.)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जल संरक्षण अभियान देशभर में जन-आंदोलन बन चुका है। मध्यप्रदेश में चल रहे जल गंगा संवर्धन अभियान में जन सहयोग उमड़ रहा है। इसमें निरंतर जन सहभागिता बढ़ रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उज्जैन के माँ क्षिप्रा के तट रामघाट से 30 मार्च को प्रदेश स्तरीय जल गंगा संवर्धन अभियान की शुरूआत की थी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि जल संरक्षण के लिए जन भागीदारी जुटने से स्पष्ट है कि प्रदेश प्रधानमंत्री श्री मोदी के 'जन सहयोग से जल संरक्षण' की मुहिम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेकर अग्रिम पंक्ति में आ गया है। राज्य सरकार खेत का पानी खेत में, गांव का पानी गांव में के सिद्धांत पर जल संरक्षण की दिशा में अभियान चला रही है।

# डगवेल रिचार्ज विधि से होगा भूजल पुनर्भरण

## प्रदेश में एक लाख कुओं को रिचार्ज करने का लक्ष्य

भोपाल (ए.)। जल संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए प्रदेश सरकार ने जल गंगा संवर्धन अभियान में भूजल पुनर्भरण के लिए डगवेल रिचार्ज विधि अपनाने का निर्णय लिया है। इसमें राज्य में एक लाख कुओं को रिचार्ज करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ने इस संबंध में विस्तृत दिशा निर्देश जारी किए हैं। यह पहल विशेष रूप से कृषकों को रबी की फसलों की सिंचाई हेतु स्थायी जल स्त्रोत उपलब्ध कराने में सहायक सिद्ध होगी। डगवेल रिचार्ज विधि उथले जलभृत के पुनर्भरण का एक सरल और सुलभ उपाय है। इस विधि में वर्षा जल को रिचार्ज पिट/फिल्टर के माध्यम से कुंओं में प्रवाहित किया जाता है, जिससे भूगर्भीय जल स्तर में वृद्धि होती है। यह विधि भूजल स्तर बनाए रखने में मदद करती है और लंबे समय तक पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करती है। इस योजना में उन कुओं का चयन किया जाएगा जिनमें जल स्तर 10 मीटर से अधिक है और जो बरसात के बाद दिसंबर-जनवरी तक जल युक्त रहते हैं। मनरेगा अंतर्गत निर्मित कपिलधारा कुओं को भी इस योजना में सम्मिलित किया जा सकता है, यदि उनमें पूर्व में रिचार्ज पिट का निर्माण नहीं हुआ है। रिचार्ज पिट/फिल्टर का निर्माण कुंए से 3 से 6 मीटर की दूरी पर किया जाएगा। इसके लिए विशेष संरचना बनाई जाएगी जिसमें विभिन्न आकार के पत्थरों और मोटे रेत की परतें बिछाई जाएंगी, ताकि जल शुद्धिकरण और बहाव में कोई बाधा न आए। पाइप लाइन से यह पानी सीधे कुंए में पहुंचेगा और वहां से प्राकृतिक रूप से जलस्तर को पुनर्भरित करेगा। निजी कुओं की सफाई और रखरखाव की जिम्मेदारी संबंधित हितग्राही की होगी।

# उपनगर ग्वालियर के चहुँमुखी विकास में कोई कसर नहीं रहेगी : ऊर्जा मंत्री श्री तोमर



भोपाल (ए.)। उपनगर ग्वालियर के चहुँमुखी विकास में कोई कोर कसर नहीं रहने दी जायेगी। उपनगर ग्वालियर में मूर्तरूप ले रहे विकास कार्यों से क्षेत्रवासियों को सुगम आवागमन और बेहतर बुनियादी सुविधाएं मिल रही हैं। प्रगति की यात्रा इसी प्रकार निरंतर जारी रहेगी। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने यह बात उपनगर ग्वालियर में लगभग तीन करोड़ 70 लाख रुपए से अधिक के विकास कार्यों के भूमि- पूजन के अवसर पर कही। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने कहा कि आमजन को मूलभूत सुविधाओं का लाभ आसानी से मिले इसी दिशा में कार्य किया जा रहा है। उपनगर ग्वालियर में स्वास्थ्य और शिक्षा में बेहतर कार्य किया गया है। सिविल हॉस्पिटल हजीरा एक प्राइवेट हॉस्पिटल की तरह सुविधा दे रहा है। शिक्षा नगर में स्मार्ट स्कूल बनकर तैयार है, जहां बच्चों को किसी प्राइवेट विद्यालय से अच्छी सुविधाओं के साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलेगी।

# भोपाल रेलवे स्टेशन पर मध्यप्रदेश के पहले 'पॉड कॉन्सेप्ट रिटायरिंग रूम' का हुआ भव्य शुभारंभ

## यात्रियों को मिलेगी आधुनिक, सुरक्षित और किफायती ठहराव की सुविधा



भोपाल (निप्र)। आज भोपाल रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म क्रमांक 6 पर मध्यप्रदेश के पहले 'पॉड कॉन्सेप्ट रिटायरिंग रूम' का भव्य शुभारंभ माननीय सांसद भोपाल आलोक शर्मा के द्वारा किया गया। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया ने बताया कि यह सुविधा भोपाल रेलवे स्टेशन से प्रतिदिन गुजरने वाले लगभग 70,000 यात्रियों की विश्राम की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए शुरू की गई है। पॉड स्टाइल होटल यात्रियों को कम खर्च में उच्चस्तरीय आराम, सुरक्षा और सुविधा उपलब्ध कराएगा। इस अत्याधुनिक होटल का संचालन भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम (IRCTC) द्वारा किया जाएगा।

**क्या है पॉड स्टाइल होटल ?**

यह एक आधुनिक अवधारणा है जिसमें यात्रियों को एक छोटे केबिन (पॉड) के रूप में निजी स्थान दिया जाता है। हर पॉड में सोने, सामान रखने, चार्जिंग, मनोरंजन (टीवी), वाई-फाई, मेकअप मिरर, और एसी जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं। यह विशेष रूप से उन यात्रियों के लिए उपयोगी है जो कुछ घंटों के लिए रुकना चाहते हैं या ट्रेन बदलने के इंतजार में हैं।

**इस पॉड होटल में उपलब्ध सुविधाएं -**

एसी युक्त पॉड, हाई-स्पीड वाई-फाई, चार्जिंग पॉइंट, टॉयलेट (पुरुष व महिला अलग-अलग), गीजर युक्त गर्म पानी, टीवी और मेकअप मिरर, सीसीटीवी निगरानी, लॉकर व लगेज रूम, दमकल सुरक्षा व्यवस्था, कुल पॉड्स की संख्या: 78, फैमिली पॉड्स: 20, मल्टी बेड पॉड (पुरुष): 40, मल्टी बेड पॉड (महिला): 18, चार्जेज- पॉड होटल की दरें यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए काफी किफायती रखी गई हैं। मल्टी बेड पॉड्स की शुरुआती दरें मात्र रू. 200 से शुरू होती हैं, जबकि फैमिली पॉड्स के लिए शुरुआती दर रू. 400 निर्धारित की गई है। समय के अनुसार दरें बढ़ती हैं, जिससे यात्री अपनी आवश्यकता अनुसार समय और पॉड का चयन कर सकते हैं।

बुकिंग की सुविधा: यात्रियों के लिए ऑनलाइन (IRCTC वेबसाइट) और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से बुकिंग की सुविधा उपलब्ध है। बुकिंग के लिए पीएनआर नंबर अनिवार्य होगा।

**यह सुविधा किन यात्रियों के लिए है उपयोगी ?**

कुछ घंटे रुकने वाले यात्रियों के लिए, ट्रेन बदलने या लेट ट्रेन की स्थिति में, परिवार सहित यात्रा कर रहे लोगों के लिए, किफायती और सुरक्षित विश्राम की तलाश करने वालों के लिए भोपाल रेलवे स्टेशन पर पॉड कॉन्सेप्ट होटल की यह शुरुआत भारतीय रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखकर की गई एक सराहनीय पहल है, जो भविष्य में अन्य स्टेशनों के लिए भी एक उदाहरण बनेगी। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक भोपाल देवाशीष त्रिपाठी , अपर मंडल रेल प्रबंधक द्वय श्रीमती रश्मि दिवाकर एवं योगेन्द्र बघेल,वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, भोपाल सौरभ कटारिया, वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता, भोपाल संजय मनोरिया, मंडल अभियंता (मुख्यालय) श्याम नागर,क्षेत्रीय प्रबंधक, IRCTC आर. भट्टाचार्य, संयुक्त महाप्रबंधक / पर्यटन, IRCTC राजेन्द्र बोरबन मौजूद रहे।

# सरोजिनी नायडू स्नातकोत्तर महाविद्यालय में छात्राओं के लिए लगाया गया स्वास्थ्य जागरुकता और परीक्षण शिविर

भोपाल (आरएनएस)। शासकीय सरोजिनी नायडू कन्या महाविद्यालय में बालिकाओं के लिए स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन शनिवार को किया गया। इस अवसर पर 150 से अधिक छात्राओं ने जांच कराई। शिविर में 40 से अधिक महाविद्यालयीन स्टाफ की भी जांच की गई। शिविर में स्वास्थ्य विभाग की ओर से जांच एवं चिकित्सकीय परामर्श के अलावा आभा आईडी भी बनाई गई।शिविर में लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा संचालित कार्यक्रमों एवं योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। छात्राओं के नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण के लिए महाविद्यालय की प्रधानाचार्य डॉ. दीप्ति श्रीवास्तव, राष्ट्रीय सेवा योजना समन्वयक डॉ. मंजुला बिस्वास सहित विभिन्न शैक्षणिक विभागों के विभाग अध्यक्षों ने स्वास्थ्य विभाग को धन्यवाद दिया। स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में डॉ. पुष्पा देवी, डॉ. निर्मल मेवाड़ा, नर्सिंग ऑफिसर जॉर्जीना मंडलोई, नीतू यदुवंशी, मल्टी टास्क वर्कर रूपेश यादव ,प्रतीक्षा जाधव, प्रदीप ऊइके द्वारा सेवाएं दी गईं।

# कलियासोत को प्लास्टिक मुक्त बनाने की मुहिम




भोपाल (आरएनएस)। भोपाल में पर्यावरण संरक्षण के लिए एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। वन विभाग, तिंसा फाउंडेशन और नगर निगम ने मिलकर जल गंगा संवर्धन अभियान शुरू किया है। इस अभियान का लक्ष्य कलियासोत को पॉलीथीन से मुक्त करना है। शहर के विभिन्न कॉलेजों के छात्र स्वेच्छा से इस अभियान में जुटे हैं। नगर निगम के कर्मचारी और वन विभाग का फ्रंटलाइन स्टाफ भी इस अभियान में सक्रिय है। यह कदम शहर की वायु गुणवत्ता में सुधार और भोपाल की सुंदरता को बनाए रखने के लिए उठाया गया है।उप वन मंडलाधिकारी धीरज सिंह चौहान के अनुसार कलियासोत डैम क्षेत्र एक बाघ भ्रमण क्षेत्र है। यह इलाका प्राकृतिक संपदा से समृद्ध है। स्थानीय लोग इसे भोपाल की ऑक्सीजन बेल्ट कहते हैं। यह अभियान क्षेत्र के इकोसिस्टम और शहर के पर्यावरण को स्वच्छ रखने में मदद करेगा। अभियान में नगर निगम अपर आयुक्त देवेंद्र चौहान, बीएनएस कॉलेज के डायरेक्टर विपिन धोटे, उप वन मंडलाधिकारी धीरज सिंह चौहान और वन परिक्षेत्राधिकारी शिवपाल पिपर्दे सहित वन विभाग के कई कर्मचारी मौजूद रहे।

# चच्चा, मम्मा, पहलवान जैसे बड़े लोगों ने वक्फ की जमीनों पर अतिक्रमण किया : सांसद शर्मा

भोपाल,(आरएनएस)। भोपाल सांसद आलोक शर्मा ने कहा कि चच्चा, मम्मा, पहलवान जैसे बड़े लोगों ने वक्फ की जमीनों पर अतिक्रमण किया है, या गलत इनायत हिब्बेनामे बनाकर जमीन कहीं की, रजिस्ट्री कहीं की और निर्माण कहीं और किया है तो अब उनका खेल खत्म होगा। जिन्होंने भी इंक्रोचमेंट किया है, वे सब जेल जाएंगे। आलोक शर्मा ने वक्फ संपत्तियों पर अवैध कब्जे और भ्रष्टाचार के बड़े खेल को खत्म करने की बात कही है।आलोक शर्मा ने कहा कि वक्फ संशोधन बिल लोकसभा और राज्यसभा में बहुमत से पारित हो चुका है। बहुत जल्द राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद यह कानून लागू हो जाएगा। उन्होंने कहा कि यह कानून मुस्लिम समाज के गरीबों और बहनों को न्याय दिलाने के लिए बनाया गया है। नरेंद्र मोदी सरकार ने तीन तलाक कानून के बाद अब वक्फ कानून के जरिए इस दिशा में एक और कदम उठाया है। सांसद शर्मा ने कांग्रेस के कुछ नेताओं पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि इन लोगों ने वक्फ कमेटी के जरिए जमीनों पर अतिक्रमण किया और उन्हें किराए पर चलाया। उन्होंने दावा किया कि आने वाले समय में ऐसे नेताओं के नाम सामने आएंगे। सांसद ने सिकंदरी सराय, लक्ष्मी टॉकीज और आरिफ नगर जैसी जगहों का जिक्र करते हुए सवाल उठाया कि वहां वक्फ की जमीनों पर किसका कब्जा है और कौन अवैध वसूली कर रहा है।खुद को भोपाल का बेटा बताते हुए शर्मा ने कहा कि वह मुस्लिम समाज के नौजवानों, माताओं-बहनों की शिकायतों को सुनते हैं।

# 7 अप्रैल से रानी कमलापति-सहरसा साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन की पहली ट्रिप रवाना

## नर्मदापुरम, इटारसी, पिपरिया, गाडरवारा, नरसिंहपुर, जबलपुर, कटनी, मैहर एवं सतना से गुजरेगी

भोपाल (निप्र)। रेल प्रशासन द्वारा ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए विशेष ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। इसी कड़ी में गाड़ी संख्या 01663/01664 रानी कमलापति - सहरसा - रानी कमलापति साप्ताहिक ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेन (13-13 ट्रिप) चलाई जा रही है, जो पश्चिम मध्य रेल के रानी कमलापति से रवाना होकर नर्मदापुरम, इटारसी पिपरिया, गाडरवारा, नरसिंहपुर, जबलपुर, कटनी, मैहर एवं सतना स्टेशनों पर ठहरकर गंतव्य तक जाएगी।

**गाड़ी संख्या 01663 रानी कमलापति - सहरसा साप्ताहिक ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेन 13 ट्रिप**

गाड़ी संख्या 01663 रानी कमलापति - सहरसा विशेष ट्रेन दिनांक 07 अप्रैल 2025 से 30 जून 2025 तक प्रत्येक सोमवार को रानी कमलापति स्टेशन से शाम 16:30 बजे प्रस्थान कर और अगले दिन दोपहर 15:15 बजे सहरसा स्टेशन पहुंचेगी।

**गाड़ी संख्या 01664 सहरसा - रानी कमलापति साप्ताहिक ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेन 13 ट्रिप**

गाड़ी संख्या 01664 सहरसा - रानी कमलापति विशेष ट्रेन दिनांक 08 अप्रैल 2025 से 01 जुलाई 2025 तक प्रत्येक मंगलवार को शाम 18:30 बजे सहरसा स्टेशन से प्रस्थान कर और अगले दिन रात 21:10 बजे रानी कमलापति स्टेशन पहुंचेगी। गाड़ी के हाल्ट: नर्मदापुरम, इटारसी जंक्शन, पिपरिया, गाडरवारा, नरसिंहपुर, जबलपुर, कटनी, मैहर, सतना, प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, हाजीपुर जंक्शन., बरौनी जंक्शन, बेगूसराय, खगड़िया जंक्शन एवं मानसी जंक्शन। रेल यात्रियों से अनुरोध है कि समर स्पेशल ट्रेन की विस्तृत जानकारी रेलवे स्टेशन, रेल मदद 139 एवं एनटीईएस ऑनलाइन प्राप्त कर सकते हैं।




राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर ने ग्रीष्म ऋतु में जलापूर्ति सुनिश्चित करने और अन्य विषयों पर जनप्रतिनिधियों की बैठक ली।

# विविध-समाचार

## खजूरीकलां में गेहूं के खेत में लगी आग

भोपाल (आरएनएस)। खजूरीकलां में शनिवार को गेहूं के खेत में आग लग गई। आग इतनी भीषण थी कि 15 एकड़ में कटने के लिए खड़ी गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। गेहूं की कीमत करीब 12 लाख रुपए थी। वहीं, आग से 3 लाख रुपए के पानी के पाइप भी जल गए। गनीमत रही कि आग समय रहते बुझा दी गई, वरना आसपास के खेतों को भी चपेट में ले सकती थी। किसान मिश्रीलाल लाल राजपूत, कैलाश सिंह राजपूत और मोहन सिंह बघेल के खेत में दोपहर डेढ़ बजे आग लगी। कृषक कुबैर सिंह राजपूत ने बताया, गेहूं की फसल पककर तैयार थी। अगले 2 दिन में इसे काटा जाना था। गेहूं की उन्नत वैराइटी बोई थी। 15 एकड़ में साढ़े चार सौ क्विंटल से ज्यादा गेहूं की पैदावार होती, लेकिन इसके पहले ही आग से पूरी फसल तबाह कर दी।कृषक राजपूत ने बताया, खेत में ही बिजली की लाइन और पोल लगा है। शनिवार दोपहर में तेज हवा चल रही थी। जिससे तार आपस में टकरा गए और चिंगारी से आग फैल गई। तेज हवा से आग भी तेजी से फैलती गई।खेत में आग लगने की सूचना पर भोपाल फायर बिग्रेड की दमकल मौके पर पहुंची। इससे पहले ग्रामीणों ने आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन आग तेजी से फैलती गई। इस कारण ग्रामीण उसे बचा नहीं पाए।

## युवक पर एसिड अटैक

भोपाल,(आरएनएस)। हथाईखेड़ा इलाके में राजेश शर्मा नाम के युवक पर एसिड अटैक का मामला सामने आया है। दो दिन पहले फरियादी और उसके पड़ोसी में विवाद हुआ था। तब फरियादी ने उसके साथ मारपीट की थी। हालांकि बाद में गांव वालों के कहने पर दोनों पक्षों में राजीनामा हो गया था। वहीं एसिड अटैक के मामले में पिपलानी पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

एसआई संतोष रघुवंशी ने बताया कि, राजेश शर्मा (28) हथाईखेड़ा में रहता है। वह वेल्डिंग का काम करता है। शुक्रवार की रात अस्पताल से पुलिस को सूचना मिली कि हथाईखेड़ा पुल के पास युवक पर ऐसिड अटैक हुआ है। मौके पर पहुंचकर युवक के बयान दर्ज किए। उसने बताया कि मदन विश्वकर्मा नाम के पड़ोसी से तीन दिन पहले विवाद हुआ था। इस विवाद में मदन और उसके बीच मारपीट हुई थी। बाद में दोनों पक्षों का बिलखिरिया थाने में राजीनामा हो गया था। मदन को इलाज के लिए पैसे भी दी थी।राजेश ने पुलिस को बताया कि रात तक उसके मवेशी घर नहीं लौटे, तब वह मवेशी घेरने के लिए जंगल में गया। पड़ोसी मदन और उसके साथियों ने गुपचुप तरीके से पीछा किया। शुक्रवार की रात घर लौटते समय उसके साथ मारपीट की और मदन ने उसके चेहरे पर एसिड डाल दिया। वारदात को तीन युवकों ने अंजाम दिया। जो दो बाइकों पर सवार होकर आए थे।

## युवक ने फांसी लगाकर जान दी

भोपाल(आरएनएस)। अशोका गार्डन में अभिषेक बचले ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। गले में फंदा लगाकर उसने एक वीडियो बनाया। वीडियो में उसने कहा कि पापा मुझे माफ कर देना, मेरे से बहुत बड़ी गलती हो गई है। मेरी मौत का जिम्मेदार मेरे घर परिवार में कोई नहीं है, बस काजल (पत्नी) है। उसका भाई उसकी बहन और मां-पिता हैं। इन सबने मिलकर मेरा जीवन बर्बाद कर दिया।मेरी यह हालत कर दी की आज मुझे सुसाइड करना पड़ रही है। मैं मर रहा हूं,...मुझे माफ कर देना हमेशा के लिए जा रहा हूं। घटना शुक्रवार की रात की है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। शनिवार को पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस ने मृतक के मोबाइल फोन को जब्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है। सुसाइड से पहले उसने वीडियो बनाकर अपने वॉट्सऐप स्टेटस पर अपलोड किया था।अभिषेक बचले (24) पुत्र मारूति बचले निवासी इंडस्ट्रीयल एरिया अशोका गार्डन ट्रक ड्राइवरी करता था। उसके पिता मारूति बचले ने बताया कि बेटा शुक्रवार को घर लौटा था। वह कई-कई दिन में लौटता था। शनिवार की शाम तक सब ठीक था, रात के समय अचानक परिजनों ने उसके वॉट्सऐप स्टेटस को देखा। बेटा गले में फंदा लगाए, सुसाइड के कारण बता रहा था।थाना प्रभारी हेमंत श्रीवास्तव ने बताया कि मामले में फिलहाल मर्ग कायम किया है। पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। मृतक के मोबाइल फोन का परीक्षण कराएंगे। परिजनों के डिटेल बयानों को दर्ज किया जाएगा, इसके बाद ही आगे की कार्रवाई तय करेंगे।

## किसान गेहूँ विक्रय के लिए 9 अप्रैल तक करा लें पंजीयन-कृषि मंत्री कंषाना

भोपाल (आरएनएस)। किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री एदल सिंह कंषाना ने कहा है कि राज्य सरकार किसानों के हित में काम कर रही है। किसान भाइयों को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूँ विक्रय के लिए परेशान होने की जरूरत नहीं है। राज्य सरकार ने रबी विपणन वर्ष 2025-26 में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन के लिये पंजीयन की अवधि 9 अप्रैल 2025 तक बढ़ा दी है। जिन किसानों ने अभी तक अपना पंजीयन नहीं कराया है, वे 9 अप्रैल तक पंजीयन जरूर करा लें। मंत्री कंषाना ने बताया कि गेहूँ का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2425 रूपये है और राज्य सरकार द्वारा 175 रूपये प्रति क्विंटल बोनस दिया जा रहा है। इस तरह गेहूँ की खरीदी 2600 रूपये प्रति क्विंटल की दर से की जा रही है।

## उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने पूर्व मंत्री पटेल के पिताजी के निधन पर दी श्रद्धांजलि

भोपाल, (आरएनएस)। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने पूर्व मंत्री रामखेलावन पटेल के अमरपाटन स्थित निवास पहुंचकर पटेल के पिताजी के दु:खद निधन पर श्रद्धांजलि दीं और शोक संतप्त परिवार से मिलकर संवेदनाएं व्यक्त कीं। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति और परिवार को इस दुख की घड़ी में संबल प्रदान करने की प्रार्थना की।

## रेपिडो बुक कर रहे पत्रकार को मोबाइल लूट कर ले भागे बदमाश

भोपाल(ए )। हबीबगंज थाना इलाके में सड़क किनारे खड़े होकर ऑनलाइन बाइक बुक करना एक मीडियाकर्मी को महंगा पड़ गया। इस दौरान एक्टिवा से आये बदमाशों ने उसके हाथ से मोबाइल फोन छीना और चंपत हो गए। युवक ने उसना पीछा करने का प्रयास किया लेकिन बदमाश अंधेरे का फायदा उठाते हुए नौ दो ग्यारह हो गए। सूचना मिलने पर हबीबगंज पुलिस जांच के बाद प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार आकाश मिश्रा ने बताया की वह एक मीडिया संस्थान में नौकरी करते है। बुधवार रात करीब 11 बजे मानसरोवर कॉम्प्लेक्स के पास सड़क किनारे रैपिडो बुक करने के लिए वह फोन का इस्तेमाल कर रहा था। उसी बीच एक्टिवा सवार दो बदमाश आए और उसे धक्का देते हुए सड़क पर गिराते हुए उसका 30 हजार कीमत का मोबाइल छीन लिया। इससे पहले फरियादी कुछ समझ या संभल पाता बदमाश मौके से फरार हो गया।

# मिशन लाइफ को गंभीरता से लें, विस्तृत कार्ययोजना बनाकर करें काम : श्री कुशवाह

## सांसद श्री कुशवाह ने जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति ( दिशा ) की बैठक में दिए निर्देश




ग्वालियर(ए.)। मिशन लाइफ को संबंधित विभागों के अधिकारी गंभीरता से लें। यह अभियान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। इसलिए इसमें कोई ढ़िलाई न हो। सभी विभाग मिशन लाइफ की विस्तृत कार्ययोजना तैयार करें और उसे क्रियान्वित करने के लिये कैलेण्डर भी निर्धारित करें। यह बात सांसद भारत सिंह कुशवाह ने जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक में कही। उन्होंने ग्वालियर की दीर्घकालिक पेयजल व्यवस्था के लिये मूर्तरूप लेने जा रही चंबल प्रोजेक्ट में पाइप लाईन बिछाने का काम शीघ्र शुरू करने के निर्देश भी बैठक में दिए। बैठक में महत्वपूर्ण चंबल प्रोजेक्ट, रेलवे स्टेशन का जीर्णोद्धार व सौंदर्यीकरण, एलीवेटेड रोड, निर्माणाधीन सड़कें व विकास कार्यों सहित केन्द्र व राज्य सरकार की प्राथमिकता वाली हितग्राहीमूलक योजनाओं की समीक्षा भी की गई। शनिवार को कलेक्ट्रेट के सभागार में आयोजित हुई बैठक में सांसद भारत सिंह कुशवाह ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा शुरू किया गया "मिशन लाइफ" अभियान जलवायु परिवर्तन के गंभीर दुष्परिणामों से न केवल पर्यावरण और लोगों की जिंदगी बचाने पर केन्द्रित है, बल्कि इसका सीधा संबंध आर्थिक प्रगति से भी है। इसलिये सभी संबंधित विभाग विस्तृत कार्ययोजना बनाकर मिशन की गतिविधियों को धरातल पर लाएं।

उन्होंने कहा इस मिशन में ऊर्जा व जल का संरक्षण, सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करना, ई-वेस्ट व अन्य कचरे में कमी लाना, टिकाऊ खाद्य व्यवस्था एवं स्वस्थ जीवन शैली शामिल है। सांसद श्री कुशवाह ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि मिशन के तहत प्रोजेक्ट तैयार करें।

# मृतकों के परिजनों से मिलने पहुंचे केंद्रीय मंत्री शिवराज, बेटी नैना की ली पूरी जिम्मेदारी

## घटना पर दुख जाहिर करते हुए..पीड़ित परिजनों को हर संभव मदद का भरोसा दिया है.



देवास (ए.)। मध्य प्रदेश के करीब 20 श्रमिकों की मौत गुजरात के बनासकांठा पटाखा फैक्ट्री में हुए विस्फोट में हुई थी. इस खबर के बाद पूरे प्रदेश में शोक की लहर छा गई. सभी मृतक श्रमिक देवास और हरदा जिले के थे. मृतकों में बच्चे, महिलाएं और पुरुष शामिल थे. वहीं, प्रदेश सरकार ने गुजरात सरकार से संपर्क करके सभी मृतकों के शवों को परिजनों को सौंप दिया था. मृतकों का अंतिम क्रिया कर्म किया गया. वहीं, बीजेपी-कांग्रेस के नेताओं का मृतकों के परिजनों के घर पहुंचने का क्रम जारी है. घटना को लेकर संवेदनाएं व्यक्त की जा रही हैं.

शनिवार को केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पूरे घटनाक्रम में गहरा शोक व्यक्त किया है. देवास जिले के खातेगांव तहसील के संदलपुर पहुंचकर परिजनों से मुलाकात की है. मृतकों को श्रद्धांजलि दी. वहीं, उन्होंने कहा कि भगवान ऐसे दिन किसी को न दिखाएं. दुख की इस घड़ी में हम पीड़ित परिवार के साथ हैं, जो बेटी नैना बची है. उसकी शिक्षा दीक्षा की संपूर्ण जवाबदारी हमारी रहेगी.

**'हम भी आपका परिवार ही हैं'**

नैना को 25 लाख की सहायता ओर डिजिटल पब्लिक स्कूल में निशुल्क पढ़ाई की व्यवस्था की जाएगी. साथ ही बाल आशीर्वाद योजना के अंतर्गत हर महीने 5000 स्वीकृत किए गए हैं. जहां मृतक की रोती हुई दादी मां को सांत्वाना देते हुए कहा अब जो हो गया उसे बदला नहीं जा सकता. आप चिंता मत करो हम भी आपका परिवार ही हैं. मेरे रहते आपको चिंता करने की जरूरत नहीं. हम हमेशा आपके साथ हैं.शिवराज सिंह चौहान ने मौके पर मौजूद विधायक आशीष शर्मा और कलेक्टर से पूछा कि अभी तक इन्हें क्या व्यवस्थाएं उपलब्ध करवाई हैं. अधिकारियों ने बताया कि बच्ची नैना के परिजनों ने गुजरात सरकार से मिले 6 लाख की FD और मध्य प्रदेश सरकार की तरफ से 25 लाख रुपये की स्रुष्ठ नैना के नाम से करवाने का बोला है.

# जैन प्रतिमाओं पर बैठकर महिला ने बनाई रील

## -धार्मिक भावनाओं पर सीधा प्रहार, जैन समाज आक्रोशित

ग्वालियर (ए.)। ग्वालियर किले पर स्थित प्राचीन जैन तीर्थंकर प्रतिमाओं के साथ अभद्रता का मामला सामने आया है। प्रीति कुशवाह नाम की एक महिला ने सोशल मीडिया पर रील बनाते हुए इन पवित्र प्रतिमाओं पर जूते पहनकर बैठने और अभद्र भाषा के प्रयोग से जैन समाज की धार्मिक भावनाओं को गहरी ठेस पहुंचाई है। रील में महिला ने न केवल प्रतिमाओं को पत्थर के पुतले कहकर उनका अपमान किया, बल्कि उनके सामने आपत्तिजनक भाषा का भी उपयोग किया। इस शर्मनाक घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिसके बाद जैन समाज में आक्रोश फैल गया।



**जैन समाज का विरोध, एफआईआर की मांग**

घटना के विरोध में अखिल भारतीय दिगंबर जैन बरैया महासभा ने एसएसपी ग्वालियर धर्मवीर सिंह को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने आरोपी महिला और उसके साथियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर सख्त कार्रवाई की मांग की है। शिवपुरी जिले के नरवर की रहने वाली प्रीति कुशवाह द्वारा बनाए गए इस वीडियो को लेकर लोगों का कहना है कि यह धार्मिक भावनाओं पर सीधा प्रहार है। इस मामले को लेकर शिवपुरी में जैन समाज ने विरोध प्रदर्शन किया और नायब तहसीलदार को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कहा कि यह घटना न केवल आस्था पर हमला है, बल्कि यह पुरातत्व विभाग की लापरवाही का भी परिणाम है, क्योंकि ऐसी ऐतिहासिक और धार्मिक स्थलों पर सुरक्षा का अभाव है। जैन समाज का स्पष्ट कहना है कि धार्मिक स्थलों पर अभद्रता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# जतारा एवं निवाड़ी में मध्यस्थता केन्द्र भवन का हुआ ई-लोकार्पण

टीकमगढ़(ए.)। म0प्र0 उच्च न्यायालय जबलपुर एवं मुख्य संरक्षक मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण माननीय न्यायमूर्ति सुरेश कुमार कैत द्वारा प्रशासनिक न्यायाधिपति मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय एवं कार्यपालक अध्यक्ष म0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण माननीय न्यायमूर्ति संजीव सचदेवा की अध्यक्षता तथा पोर्टफोलिया जज टीकमगढ़ न्यायमूर्ति श्री द्वारकाधीश बंसल की उपस्थिति में वीडियो कॉफ्रेंस के माध्यम से शुक्रवार को मध्यस्थता केन्द्र भवन जतारा एवं निवाड़ी का ई-लोकार्पण किया गया। मध्यस्थता केन्द्र जतारा के उद्घाटन समारोह में प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, टीकमगढ़ श्रीमती प्रवीणा व्यास द्वारा बताया गया कि आपसी घरेलू विवाद वाले प्रकरणों को मध्यस्थता के माध्यम से निराकृत किए जाने के उददेश्य से मध्यस्थता केन्द्र, न्यायालय परिसर में ही संचालित किये जा रहें है।

# कृषि विभाग ने नरवाई का उचित प्रबंधन के लिए जारी किये निर्देश



जबलपुर (ए.)। जायद सीजन में उड़द एवं मूंग का बोनी कार्य तेजी से चल रहा है। किसानों द्वारा गेहूं फसल की कटाई के बाद उड़द एवं मूंग फसलों की बोनी की जा रही है। प्राय: हार्वेस्टर से गेहूं फसल की कटाई उपरांत जो फसल अवशेष बचता है, उसको आग लगाकर नष्ट कर दिया जाता है, इस प्रक्रिया को नरवाई जलाना कहते हैं। नरवाई जलाने से मृदा की गुणवत्ता का हास होता है। इससे भूमि में उपलब्ध जैव विविधता समाप्त होती है, उपस्थित सूक्ष्म जीव जलकर नष्ट हो जाते हैं। सूक्ष्म जीवों के नष्ट होने के फलस्वरूप जैविक खाद का निर्माण रूक जाता है। लगातार नरवाई जलाने से मिट्टी की ऊपरी सतह जलकर कठोर हो जाती है, खेत की जल धारण क्षमता कम होने लगती है एवं फसलें जल्दी सूखती हैं। नरवाई जलाने से मेढ़ों पर लगे पेड़-पौधे नष्ट होने से उन पर पल रहे मित्र कीटों को भी नुकसान होता है। नरवाई के धुंए से पर्यावरण प्रदूषित होता है, तापमान में वृद्धि होने से वातावरण और अधिक गर्म होता जा रहा है। उप संचालक, किसान कल्याण तथा कृषि विकास के निर्देशन में जिले में लगभग 1500 एकड़ में नरवाई प्रबंधन से संबंधित फसल प्रदर्शन किये जा रहे हैं। जिसमें गेहूं की फसल की कटाई के तुरंत बाद नरवाई को जलाए बिना हैप्पी सीडर, सुपर सौडर एवं स्मार्ट सीडर के माध्यम से उड़द एवं मूंग की बोनी की जा रही है। आज 4 अप्रैल को विकासखंड पनागर के ग्राम पिपरिया बनियाखेड़ा में सुश्री पूनम चक्रवर्ती, कृषि विस्तार अधिकारी की उपस्थिति में कृषक भागीरथ पटेल एवं विनय पटेल के खेत पर 01-01 एकड़ में, ग्राम नुनियाकला में श्रीमति मोनिका झा, कृषि विस्तार अधिकारी की उपस्थिति में कृषक तीरथ पटेल एवं प्रहलाद पटेल के खेत पर 01-01 एकड़ में एवं सिहोरा विकासखंड के ग्राम घोरा कोनी में सुश्री अदिति राजपूत, कृषि विस्तार अधिकारी की उपस्थिति में कृषक पुरुषोत्तम असाटी एवं कमल पालीवाल के खेत पर हैप्पी सीडर द्वारा नरवाई प्रबंधन प्रदर्शन आयोजित किये गये।

## व्यापार समाचार

# आरबीआई जारी करने जा रहा 10 और 500 रुपये के नए नोट, इस बार इन बदलाव के साथ नोट होंगे खास




नई दिल्ली (आरएनएस)। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) जल्द महात्मा गांधी नई सीरीज के तहत 10 और 500 रुपये के नोट जारी करने वाला है। इस पर नए गवर्नर संजय मल्होत्रा के हस्ताक्षर होंगे। केंद्रीय बैंक ने एक बयान में कहा कि इन नोटों का डिजाइन सभी तरह से महात्मा गांधी (नई) सीरीज के 10 और 500 रुपये के मौजूदा बैंक नोटों के समान है। नए नोट जारी होने के बावजूद रिजर्व बैंक द्वारा पहले जारी किए गए 10 रुपये और 500 रुपये मूल्य वर्ग के सभी बैंक नोट वैध मुद्रा बने रहेंगे।

आरबीआई ने पिछले महीने गवर्नर मल्होत्रा के हस्ताक्षर वाले 100 और 200 रुपये के बैंक नोट जारी करने की घोषणा की थी। संजय मल्होत्रा ने दिसंबर, 2024 में आरबीआई गवर्नर का पद संभाला था। उन्होंने छह साल तक गवर्नर रहे शक्तिकांत दास की जगह ली थी। जानकारी के लिए आपको बता दें कि यह कदम नकदी की आपूर्ति को बनाए रखने और बैंकिंग प्रणाली में स्थिरता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उठाया गया है। इसके साथ ही नए गवर्नर के हस्ताक्षर वाले नोट जारी करना एक नियमित प्रक्रिया है, जिसे प्रत्येक नए गवर्नर के कार्यभार संभालने के बाद किया जाता है। इस बीच, केंद्रीय रिजर्व बैंक ने व्यापार करने में आसानी को बढ़ावा देना और सभी नियमों को एक ही दस्तावेज में समाहित करने के उद्देश्य से विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के तहत निर्यात और आयात के लिए नए मसौदा विनियम और निर्देश जारी किए हैं।

### भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 5 महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंचा, बढ़कर 665.4 बिलियन डॉलर हुआ

मुंबई (आरएनएस)। भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा शुक्रवार को जारी लेटेस्ट आंकड़ों के अनुसार, 28 मार्च, 2025 को समाप्त सप्ताह में भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 6.6 बिलियन डॉलर बढ़कर 665.4 बिलियन डॉलर के पांच महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। आरबीआई के अनुसार, देश का स्वर्ण भंडार 519 मिलियन डॉलर बढ़कर 77.8 बिलियन डॉलर हो गया, जो विदेशी मुद्रा भंडार का हिस्सा है।21 मार्च को समाप्त सप्ताह में 4.5 बिलियन डॉलर बढ़कर 658.8 बिलियन डॉलर होने के बाद विदेशी मुद्रा भंडार में वृद्धि का यह लगातार चौथा सप्ताह है।रुपये में अस्थिरता को कम करने में मदद करने के लिए आरबीआई द्वारा पुनर्मूल्यांकन और विदेशी मुद्रा बाजार में हस्तक्षेप के कारण पिछले हफ्तों की गिरावट का रुझान अब पिछले चार हफ्तों में उलट गया है।

### मंदी की आहट ! कोरोना काल के बाद सबसे बुरे दौर में अमेरिका का बाजार, इतने प्रतिशत आई गिरावट

नई दिल्ली(आरएनएस)। डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लगाए गए रेसिप्रोकल टैरिफ के कारण अमेरिकी शेयर बाजार में 5 प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई। निवेशकों में वैश्विक आर्थिक मंदी की आशंका बढ़ गई, जिसके कारण डॉव जोन्स, एस एंड पी 500 (S&P 500) और नास्डैक जैसी प्रमुख सूचकांकों में भारी नुकसान हुआ।



डॉव जोन्स सूचकांक में 5.50 प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई, जो इसकी एक बड़ी गिरावट में से एक थी। रू×क्क500 में करीब 6 प्रतिशत की कमी आई, जबकि नास्डैक ने 5.73 प्रतिशत का नुकसान देखा। बैंकिंग और मार्केट एक्सपर्ट अजय बग्गा के मुताबिक, ट्रंप के शपथ ग्रहण के बाद से अमेरिकी बाजारों ने 9 ट्रिलियन डॉलर का मार्केट कैप खो दिया है।आस्क प्राइवेट वेल्थ की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि ये शुल्क अमेरिका की अर्थव्यवस्था में अनिश्चितता को बढ़ा सकते हैं और संभवत: अमेरिका में स्टैगफ्लेशन (मंदी के बीच महंगाई) की स्थिति पैदा कर सकते हैं। रिपोर्ट में चेतावनी दी गई कि यह कदम व्यापार बाधाओं को 1800 के दशक के स्तर तक पहुंचा सकता है। ट्रंप के प्रतिकूल शुल्कों का प्रभाव दुनियाभर के बाजारों पर पड़ा। ब्रिटेन का स्न्ञ्जस्श्व 100 इंडेक्स 4.95 प्रतिशत गिरा, जबकि जर्मनी का ष्ठड्ड परफॉर्मेंस इंडेक्स भी 4.95 प्रतिशत नीचे बंद हुआ। भारत के शेयर बाजार भी इस प्रभाव से बच नहीं पाए और सेंसेक्स तथा निफ्टी में गिरावट आई।

### शेयर बाजार धड़ाम, सेंसेक्स 930 अंक गिरा; निवेशकों के 10 लाख करोड़ रुपए स्वाहा

मुंबई (आरएनएस) । भारतीय शेयर बाजार शुक्रवार के कारोबार सत्र में लाल निशान में बंद हुआ। बाजार में चौतरफा बिकवाली देखने को मिली। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 930 अंक या 1.22 प्रतिशत की गिरावट के साथ 75,364 और निफ्टी 345 अंक या 1.49 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 22,904 पर था। इसके चलते शेयर बाजार में आज निवेशकों के करीब 10 लाख करोड़ रुपये डूब गए। गिरावट का असर लार्जकैप की अपेक्षा मिडकैप और स्मॉलकैप पर अधिक दिखा। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 1,516 अंक या 2.91 प्रतिशत की गिरावट के साथ 50,645 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 579 अंक या 3.57 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 15,675 पर था। सेक्टोरल आधार पर ऑटो, आईटी, पीएसयू बैंक, फार्मा, मेटल, एनर्जी, इन्फ्रा और कमोडिटी इंडेक्स लाल निशान में बंद हुए। केवल फाइनेंशियल सर्विसेज और एफएमसीजी इंडेक्स ही हरे निशान में बंद हुए हैं।सेंसेक्स पैक में बजाज फाइनेंस, एचडीएफसी बैंक, नेस्ले, आईसीआईसीआई बैंक, एशियन पेंट्स और आईटीसी टॉप गेनर्स थे। टाटा स्टील , टाटा मोटर्स, एलएंडटी, इंडसइंड बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, टेक महिंद्रा, सन फार्मा और एचसीएल टेक टॉप लूजर्स थे। जियोजित इन्वेस्टमेंट लिमिटेड के रिसर्च हेड, विनोद नायर ने कहा कि हाल ही में अमेरिका द्वारा अनुमान से अधिक टैरिफ लागू किए जाने का वैश्विक बाजारों पर काफी असर हुआ है और निवेशक इससे हुए नुकसान की स्थिति का आकलन कर रहे हैं। अमेरिका के खिलाफ जवाबी कार्रवाई की संभावना ने अनिश्चितता को और बढ़ा दिया है।



# चीन का पलटवार, अमेरिकी आयातों पर 34 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ लगाया, शुरू हो सकता है 'ट्रेड वार'

बीजिंग (आरएनएस) । चीन ने 10 अप्रैल से अमेरिका से आयात किए जाने वाले सभी उत्पादों पर अतिरिक्त 34 प्रतिशत टैरिफ लगाने का फैसला किया है, जिससे व्यापार युद्ध पूरी तरह से भड़कने का खतरा है। चीन की कस्टम्स टैरिफ कमीशन ने शुक्रवार को यह ऐलान किया।

यह कदम अमेरिकी निर्णय के बाद उठाया गया, जिसमें वाशिंगटन ने चीन के निर्यातों पर %पारस्परिक टैरिफ/ रेसिप्रोकल टैरिफ% लगाने की घोषणा की।

समाचार एजेंसी सिन्हुआ के मुताबिक, चीन की कस्टम्स टैरिफ कमीशन ने कहा कि अमेरिकी कदम अंतरराष्ट्रीय व्यापार नियमों के अनुरूप नहीं है, यह चीन के वैध अधिकारों और हितों को गंभीर रूप से नुकसान पहुंचाता है और यह एकतरफा दबाव बनाने की कार्रवाई है।

चीन के वाणिज्य मंत्रालय ने कहा कि वह 11 अमेरिकी कंपनियों को अपनी %अविश्वसनीय संस्थाओं% की सूची में जोड़ रहा है, जिससे वे चीन में या चीनी कंपनियों के साथ व्यापार नहीं कर पाएंगी।

मंत्रालय ने कुछ दुर्लभ पृथ्वी तत्वों (रेयर अर्थ मटेरियल), जैसे गेडोलिनियम और यट्रियम, के निर्यात पर भी कड़े प्रतिबंध लगाए हैं, जो मुख्य रूप से चीन में खनन किए जाते हैं और इलेक्ट्रिक कारों से लेकर स्मार्ट बमों तक में इस्तेमाल होते हैं।




अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चीन पर 54 प्रतिशत रेसिप्रोकल टैरिफ की घोषणा की, जिसमें पहले से लगाए गए शुल्क भी शामिल हैं। इसने चीन को टैरिफ सूची में सबसे अधिक प्रभावित देशों में से एक बना दिया।

वैश्विक निवेश बैंक जेपी मॉर्गन ने कहा कि अब 2025 के अंत तक वैश्विक अर्थव्यवस्था के मंदी में जाने का 60 प्रतिशत मौका देखा जा रहा है, जो पहले 40 फीसदी था। विश्लेषकों के अनुसार, यूएस द्वारा लगाए गए रेसिप्रोकल टैरिफ निश्चित रूप से सभी देशों को प्रभावित करेंगे, लेकिन भारतीय निर्यातक अधिक लाभ उठा सकते हैं क्योंकि चीन को 65 फीसदी या उससे अधिक की उच्च शुल्क का सामना करना पड़ेगा।भारत के लिए अतिरिक्त 27 प्रतिशत टैरिफ इसे लक्षित देशों के निचले आधे हिस्से में रखता है, जिससे पारंपरिक निर्यात क्षेत्रों जैसे इंजीनियरिंग सामान, इलेक्ट्रॉनिक्स, रत्न और आभूषण, वस्त्र और परिधान के अलावा नए अवसर उत्पन्न हो सकते हैं। टैरिफ उन क्षेत्रों में प्रतिस्पर्धात्मकता को भी भारत के पक्ष में स्थानांतरित कर सकते हैं जहां अन्य क्षेत्रीय निर्यातक अधिक गंभीर रूप से प्रभावित हैं।विशेषज्ञों के अनुसार, इस लाभ को अधिकतम करने के लिए भारत को न केवल अमेरिका के साथ बाजार पहुंच बनाए रखने के लिए बातचीत करनी होगी, बल्कि एशिया में अपने मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) साझेदारों के साथ आपूर्ति श्रृंखलाओं को पुनर्गठित करने के लिए भी सहयोग करना होगा और नए अवसरों का लाभ उठाना होगा।

# सम्पादकीय

**अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य**

## रेलवे के खराब रख-रखाव के कारण जोखिम

ओडिशा के कटक में नेरगुंडी स्टेशन के पास बैंगलोर-कामाख्या सुपरफास्ट एक्सप्रेस का बे-पटरी होना वाकई दुखद है। खबर है कि ट्रेन के ग्यारह डिब्बे पटरी से उतर गए और एक शख्स की मौत हो गई है जबकि कई घायल हैं। हालांकि ट्रेन के पटरी से उतरने का कारण अभी पता नहीं चला है, परंतु जांच के आदेश दिए जा चुके हैं। ट्रेनों के पटरी से उतरने के मुख्य कारणों में ट्रैक की खराबी के साथ ही टूटी पटरियां, गलत ट्रैक होना या स्विच की खराबी होती है। कई बार रेलवे के खराब रख-रखाव के कारण भी जोखिम बढ़ जाता है।

मैकेनिकल फाल्ट या ट्रैक पर लगे उपकरणों की उचित देखभाल न होने के कारण भी पटरी से ट्रेन उतर सकती है। विशेषज्ञ बाताते हैं, अत्यधिक गरमी के कारण पटरियों पर पड़ने वाली दरारें या डब्बों को आपस में जोड़ने वाले उपकरणों को सलीके न बांधे जाने के कारण भी यह हादसा होने की आशंकाएं बढ जाती हैं।

चूंकि अपने देश का रेल नेटवर्क दुनिया का चौथा सबसे बड़ा है, जिसमें बड़ी संख्या में यात्री व भारी-भरकम सामान का आवागमन होता है। नियंत्रक व महालेखा परीक्षक ने हर साल एक लाख से अधिक सिग्नल व रोलिंग स्टॉक मेमोरी की विफलता की तरफ भी इशारा किया है।

पुरानी हो चुकी पटरियों पर जब ओवर-लोडेड ट्रेनें तेज रफ्तार से गुजरती हैं तो इन पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है और टूटने का खतरा बढ़ जाता है। पिछली कई दुर्घटनाओं में पाया गया कि इनके पीछे चालकों की थकान व काम का बोझ भी है। सिग्नल विफलताएं, तकनीकी खामियां, रख-रखाव संबंधी लापरवाहियां भी कम नहीं हो रहीं। मानवीय गलतियों को लेकर जितना हो-हल्ला होता है, उससे ज्यादा तकनीकी गड़बड़ी तथा खरीद में लापरवाही भी दोषी है। रेलवे की गलतियों के अलावा अराजक तत्वों की शरारत, जानबूझकर कर की गई तोड़-फोड़ भी होती है। जिसे रोकना बड़ी चुनौती है। तय रूप से दुर्घटनाओं से बचाव के लिए रेलवे को तकनीक का बेहतर इस्तेमाल करना चाहिए और कर्मचारियों को प्रशिक्षित करने के अतिरिक्त उन्हें और भी जिम्मेदार बनाना होगा। यह यात्रियों का भी दायित्व है कि वे सतर्क रहें और रेल नियमों का पालन करें। सरकार व रेलवे ऐसी किसी भी दुर्घटना के बाद मुआवजे का ऐलान कर हाथ न झाड़ें बल्कि एहितयातन सबक लेने की कोशिशें भी करें।




अभिनेता अमिताभ बच्चन अपने बेटे अभिषेक बच्चन के साथ मुंबई में दिग्गज अभिनेता मनोज कुमार के अंतिम संस्कार में श्रद्धांजलि देने पहुंचे।

# रामनवमीः मर्यादा, न्याय और धर्म की विजय का पर्व

**योगेश कुमार गोयल**

भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव के रूप में समूचे भारतवर्ष में प्रतिवर्ष चैत्र मास की शुक्ल पक्ष नवमी को अपार श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ रामनवमी का त्यौहार मनाया जाता है, जो इस वर्ष 6 अप्रैल को मनाया जा रहा है। इस दिन श्रीराम की जन्मस्थली अयोध्या में उत्सवों का विशेष आयोजन होता है, जिनमें भाग लेने के लिए देशभर से हजारों भक्तगण अयोध्या पहुंचते हैं तथा अयोध्या स्थित सरयू नदी में पवित्र स्नान कर पंचकोसी की परिक्रमा करते हैं। समूची अयोध्या नगरी इस दिन पूरी तरह राममय नजर आती है और हर तरफ भजन-कीर्तनों तथा अखण्ड रामायण के पाठ की गूंज सुनाई पड़ती है। देशभर में अन्य स्थानों पर भी जगह-जगह इस दिन श्रद्धापूर्वक हवन, व्रत, उपवास, यज्ञ, दान-पुण्य आदि विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया जाता है।

मान्यता है कि त्रेता युग में इसी दिन अयोध्या के महाराजा दशरथ की पटरानी महारानी कौशल्या ने मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम को जन्म दिया था। श्रीराम का चरित्र बेहद उदार प्रवृत्ति का था। उन्होंने उस अहिल्या का भी उद्धार किया, जिसे उसके पति ने देवराज इन्द्र द्वारा छलपूर्वक उसका शीलभंग किए जाने के कारण पतित घोषित कर पत्थर की मूर्त बना दिया था। जिस अहिल्या को निर्दोष मानकर किसी ने नहीं अपनाया, उसे भगवान श्रीराम ने अपनी छत्रछाया प्रदान की। लोगों को गंगा नदी पार कराने वाले एक मामूली से नाविक केवट की अपने प्रति अपार श्रद्धा व भक्ति से प्रभावित होकर भगवान श्रीराम ने उसे अपने छोटे भाई का दर्जा दिया और उसे मोक्ष प्रदान किया। अपनी परम भक्त शबरी नामक भीलनी के झूठे बेर खाकर शबरी का कल्याण किया। महारानी केकैयी ने महाराजा दशरथ से जब राम को 14 वर्ष का वनवास दिए जाने और अपने लाड़ले पुत्र भरत को राम की जगह राजगद्दी सौंपने का वचन मांगा तो दशरथ गंभीर धर्मसंकट में फंस गए थे। वह बिना किसी कारण राम को 14 वर्ष के लिए वनों में भटकने के लिए भला कैसे कह सकते थे और श्रीराम में तो वैसे भी उनके प्राण बसते थे। दूसरी ओर वचन का पालन करना रघुकुल की मर्यादा थी। ऐसे में जब श्रीराम को माता केकैयी द्वारा यह वचन मांगने और अपने पिता महाराज दशरथ के इस धर्मसंकट में फंसे होने का पता चला तो उन्होंने खुशी-खुशी उनकी यह कठोर आज्ञा भी सहज भाव से शिरोधार्य की और उसी समय 14 वर्ष का वनवास भोगने तथा छोटे भाई भरत को राजगद्दी सौंपने की तैयारी कर ली। श्रीराम द्वारा लाख मना किए जाने पर भी उनकी पत्नी सीता जी और अनुज लक्ष्मण भी उनके साथ वनों में निकल पड़े।वनवास की यात्रा की शुरूआत श्रृंगवेरपुर नामक स्थान से प्रारंभ कर वहां से वे भारद्वाज मुनि के आश्रम में चित्रकूट पहुंचे। उसके बाद विभिन्न स्थानों की यात्रा के दौरान पंचवटी में उन्होंने अपनी कुटिया बनाने का निश्चय किया। यहीं पर रावण की बहन शूर्पणखां की नाक काटे जाने की घटना हुई। उसी घटना के कारण वहां खर-दूषण सहित 14000 राक्षस राम-लक्ष्मण के हाथों मारे गए। यहीं से श्रीराम व लक्ष्मण की अनुपस्थिति में लंका का राजा रावण माता सीता का अपहरण कर उन्हें अपने साथ लंका ले गया।



(रामनवमी पर विशेष)

कहा जाता है कि जब सीता का विरह श्रीराम से नहीं सहा गया तो उन्होंने साधारण मनुष्य की भांति विलाप किया लेकिन हिम्मत न हारते हुए सीता जी की खोज में राम-लक्ष्मण जंगलों में भटकने लगे। इसी दौरान उनकी भेंट श्रीराम के अनन्य भक्त हनुमान से हुई, जिन्होंने राम-लक्ष्मण को वानरराज बाली के छोटे भाई सुग्रीव से मिलाया, जो उस समय बाली के भय से यहां-वहां छिपता फिर रहा था। श्रीराम ने बाली का वध करके सुग्रीव तथा बाली के पुत्र अंगद को किष्किंधा का शासन सौंपा और उसके बाद सुग्रीव की वानरसेना के नेतृत्व में लंका पर आक्रमण कर देवताओं पर भी विजय पाने वाले महाप्रतापी, महाबली, महापंडित तथा भगवान शिव के घोर उपासक लंका नरेश राक्षसराज रावण का वध कर सीता को उसके बंधन से मुक्त कराया और लंका पर खुद अपना अधिकार न जमाकर लंका का शासन रावण के छोटे भाई विभीषण को सौंप दिया तथा वनवास की अवधि समाप्त होने पर भैया लक्ष्मण, सीता जी व हनुमान सहित अयोध्या लौट आए।वास्तव में विधि के विधान के अनुसार राम को दुष्ट राक्षसों का विनाश करने के लिए ही वनवास मिला था। उन्होंने अपने मानव अवतार में न तो भगवान श्रीकृष्ण की भांति रासलीलाएं खेली और न ही कदम-कदम पर चमत्कारों का प्रदर्शन किया बल्कि उन्होंने सृष्टि के समक्ष अपने क्रियाकलापों के जरिये ऐसा अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया, जिसकी वजह से उन्हें 'मर्यादा पुरूषोत्तम' कहा गया।

जहां तक राम-रावण के बीच हुए भीषण युद्ध की बात है तो वह सिर्फ दो राजाओं के बीच का सामान्य युद्ध नहीं था बल्कि दो विचारधाराओं का संघर्ष था, जिसमें एक मानव संस्कृति थी तो दूसरी राक्षसी संस्कृति। एक ओर क्षमादान की भावना को महत्व देने वाले व जनता के दुख-दर्द को समझने एवं बांटने वाले वीतरागी भाव थे तो दूसरी ओर दूसरों का सब कुछ हड़प लेने की राक्षसी प्रवृत्ति। रावण अन्याय, अत्याचार व अनाचार का प्रतीक था तो श्रीराम सत्य, न्याय एवं सदाचार के। यही नहीं, सीता जी के अपहरण के बाद भी श्रीराम ने अपनी मर्यादाओं को कभी तिलांजलि नहीं दी।

उन्होंने इसके बाद भी रावण को एक महाज्ञानी के रूप में सदैव सम्मान दिया और यह इससे साबित भी हुआ कि रावण की मृत्यु से कुछ ही क्षण पूर्व श्रीराम ने लक्ष्मण को रावण के पास ज्ञान अर्जन के लिए भेजा था। मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम में सभी के प्रति प्रेम की अगाध भावना कूट-कूटकर भरी थी। उनकी प्रजा वात्सल्यता, न्यायप्रियता और सत्यता के कारण ही उनके शासन को आज भी 'आदर्श' शासन की संज्ञा दी जाती है और आज भी अच्छे शासन को 'रामराज्य' कहकर परिभाषित किया जाता है। 'रामराज्य' यानी सुख, शांति एवं न्याय का राज्य।

# मध्यप्रदेश में 4,87,909 पद खाली पड़े  बेरोजगार कर रहे इंतजार

**डॉ. चन्दर सोनाने**

मध्यप्रदेश में अखिल भारतीय सेवा, प्रथम श्रेणी, द्वितीय श्रेणी, तृतीय श्रेणी और चतुर्थ श्रेणी के कुल 12,09,321 पद स्वीकृत है। इन पदों में से केवल 7,21,412 पद ही भरे हैं। इस प्रकार प्रदेश में विभिन्न श्रेणियों के कुल 4,87,909 पद वर्षों से खाली पड़े हुए हैं। इस प्रकार प्रदेश में कुल स्वीकृत पदों में से केवल 59.65 प्रतिशत पद ही भरे हुए हैं। कुल स्वीकृत पदों में से 40.35 प्रतिशत पद खाली पड़े हुए हैं। बेरोजगार वर्षों से इन खाली पदों की ओर आस भरी निगाहों से देख रहे हैं। किन्तु उन्हें निराशा ही मिल रही है।

मध्यप्रदेश पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग द्वारा डॉ. बी.आर अम्बेडकर यूनिवर्सिटी ऑफ सोशल साइंस महू को मध्यप्रदेश में पिछड़े वर्ग के आँकड़ों की रिपोर्ट बनाने के लिए कहा गया था। महू के विशेषज्ञों ने मध्यप्रदेश के 69 सरकारी विभागों के आँकड़ों का विश्लेषण करने के बाद एक रिपोर्ट तैयार की थी। उसने यह रिपोर्ट तैयार कर मध्यप्रदेश पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग को एक साल से अधिक समय से दे दी है। उस रिपोर्ट में मध्यप्रदेश में विभिन्न श्रेणियों में कुल स्वीकृत पद और रिक्त पदों की जानकारी भी है। इसके साथ ही रिपोर्ट में कुछ स्वीकृत पदों में से कुल भरे पदों की जानकारी के साथ ही सामान्य वर्ग, पिछड़ा वर्ग, अनूसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के व्यक्तियों की विस्तृत जानकारी भी शामिल की गई है।

उक्त रिपोर्ट के आधार पर मध्यप्रदेश में अखिल भारतीय सेवा के कुल 1,258 पद स्वीकृत है। इनमें से मात्र 625 पद ही भरे हुए है। भरे पदों से अधिक 633 पद खाली पड़े हुए हैं। इस प्रकार आधे से अधिक 50.31 प्रतिशत पद खाली पड़े हुए हैं। प्रथम श्रेणी के कुल स्वीकृत पद 16,846 में से केवल 7,840 पद ही भरे हुए हैं। भरे पदों से अधिक 9,006 पद खाली पड़े हुए हैं। इस श्रेणी में भी आधे से अधिक 53.46 प्रतिशत पद खाली रखे हुए हैं। इसी प्रकार द्वितीय श्रेणी के कुल 1,28,032 स्वीकृत पदों में से केवल 57,696 पद ही भरे हैं। इस श्रेणी में भी आधे से अधिक 70,336 पद खाली पड़े हैं। यह खाली पदों का 54.93 प्रतिशत है। इसी प्रकार तृतीय श्रेणी के प्रदेश में कुल 9,21,631 पद स्वीकृत है। इस श्रेणी में 5,76,549 पद भरे हुए हैं। इस प्रकार इस श्रेणी में 3,45,082 पद खाली पड़े है। यह खाली पदों का 37.44 प्रतिशत है। इसी तरह चतुर्थ श्रेणी के कुल 1,41,554 पद स्वीकृत हैं। इसमें कुल 78,702 पद भरे हुए हैं। इस श्रेणी में 62,852 पद खाली पड़े हुए हैं। यह स्वीकृत पदों में से खाली पदों का कुल प्रतिशत 44.40 है। उक्त आँकड़े के विश्लेषण से यह भी पता चलता है कि अखिल भारतीय सेवा, प्रथम श्रेणी और द्वितीय श्रेणी के कुल स्वीकृत पदों में से आधे से अधिक पद भी भरे ही नहीं गए हैं। इन उक्त तीनों श्रेणियों में खाली पदों का प्रतिशत 50 प्रतिशत से अधिक है। यह अत्यन्त दुखद है। तृतीय और चतुर्थ श्रेणी के पद जरूर 50 प्रतिशत से अधिक भरे हुए है। किन्तु इसमें भी खाली पदों की संख्या हमें निराश करती है। उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश में बेरोजगारी का तेजी से बढ़ता हुआ आंकड़ा चैंकाने वाला है। एनडीटीवी की रिपोर्ट के अनुसार मध्य प्रदेश में साल 2024 में जुलाई के समय 25 लाख 82 हजार बेरोजगार थे।

जबकि दिसंबर में ये संख्या बढ़कर 26 लाख 17 हजार हो गई। लेकिन मार्च 2025 में ये आंकड़ा 29 लाख 36 हजार तक पहुंच चुका है। बेरोजगारों की बढ़ती हुई जनसंख्या निःसंदेह चिंताजनक है। मध्यप्रदेश में तत्कालीन मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चैहान की सरकार ने अनेक बार ये घोषणा की थी कि सरकारी नौकरियों में 1 लाख पद भरे जायेंगे। किन्तु उनके मुख्यमंत्री रहते हुए कभी एक लाख पद भरे ही नहीं गए। इसी प्रकार वर्तमान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भी अनेक बार ये घोषणा की कि प्रदेश में 1 लाख बेरोजगारों को नौकरियां दी जायेगी, किन्तु बेरोजगार अभी भी उन नौकरियों का इंतजार ही कर रहे हैं। प्रदेश में अखिल भारतीय सेवा, प्रथम श्रेणी, द्वितीय श्रेणी, तृतीय श्रेणी और चतुर्थ श्रेणी के कुल 4,87,909 पद खाली पड़े हुए हैं। तब राज्य सरकार 1 लाख पदों को भरने की बात किस आधार पर कर रही है। राज्य सरकार को शीघ्र प्रदेश में विभिन्न श्रेणियों के सभी खाली पदों को भरने का महाअभियान शुरू करना चाहिए। यह सब योजनाबद्ध तरीके से होना चाहिए, तभी बेरोजगारों के साथ न्याय हो सकेगा। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एक विशेष विजन रखने वाले मुख्यमंत्री के रूप में जाने जाते है। उनसे अपेक्षा है कि वे बेरोजगारों के इंतजार को समाप्त करेंगे।




मेष राशि- आज पारिवारिक सुख में वृद्धि होगी। माता की कृपा से पहले से चली आ रही समस्याओं का समाधान मिलेगा। परिवार में धार्मिक कार्यक्रम की योजना बन सकती है। आप अपने जीवन को बेहतर बनाने के लिए कुछ अच्छे बदलाव करने की कोशिश करेंगे। आज आपके नए दोस्त बन सकते हैं। आपको उनसे बात करके अच्छा लगेगा।

वृष राशि- आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। कुछ दिनों से चल रही पारिवारिक समस्याएं समाप्त होंगी। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए दिन फेवरेबल रहेगा। महिलाओं के लिए दिन शानदार रहेगा। बिजनेसमैन आज जरूरी मीटिंग अटेंड कर सकते हैं। आज किसी से लिए उधार से छुटकारा मिलेगा। मां कालरात्रि की कृपा से ऑफिस में सबके साथ सामंजस्य बिठाने में आप सफल रहेंगे।

मिथुन राशि-आज का दिन उत्तम रहने वाला है। छात्रों के लिए आज का दिन करियर में नया बदलाव लाएगा। आज नवरात्र के सातवें दिन माँ कालरात्रि आपके परिवार में सुख-शांति बनाये रखेगी। आज बिजनेस में आपको बड़ा धन लाभ होगा। राइटर आज नई स्टोरी लिख सकते हैं, जिसे लोगों द्वारा खूब पसंद किया जाएगा।

कर्क राशि- आज आपका दिन बेहतर रहने वाला है। अगर किसी बिजनेस ट्रिप के लिए आप बाहर जा रहे हैं, तो घर के बड़े-बुजुर्ग का आशीर्वाद लेकर जाएं, आपका काम सफल होगा। आज आपके जीवनसाथी को तरक्की का अच्छा अवसर मिलेगा। ट्रांसपोर्ट का बिज़नस कर रहे कारोबारियों को आज फायदा होगा। आज अपनी सेहत का खास ख्याल रखे।

सिंह राशि- आज आपका दिन खास रहने वाला है। आपका ध्यान काम को पूरा करने में लगा रहेगा। ऑफिस में किसी काम को लेकर विचार-विमर्श करना पड़ सकता है। शत्रुपक्ष आपकी योजनाओं से ज्यादा प्रभावित हो सकते हैं। इस राशि के जो लोग अपना बिजनेस करते हैं, उन्हें मुनाफा मिलने की संभावना है। आज आप सोच-विचार में रहेंगे, लेकिन जल्द ही सब ठीक हो जाएगा।

कन्या राशि- आज का दिन मिला-जुला रहने वाला है। आप परिवार वालों के साथ क्वालिटी टाइम स्पेंड करेंगे, साथ ही जीवनसाथी के साथ आपकी लंबी बातचीत हो सकती है, इससे आपके रिश्ते बेहतर होंगे। दोस्तों के साथ घर पर ही मूवी देखने का प्लानिंग कर सकते हैं। आपकी मुलाकात किसी ऐसे व्यक्ति से होगी, जिससे आपको भविष्य में फायदा हो सकता है। किसी खास काम में आपको सफलता मिलेगी साथ ही साथ आपके मन में नए-नए विचार आएंगे।

तुला राशि-आज आपको भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। एकाग्र मन से किया गया काम लाभदायक साबित होगा। लवमेट के लिए आज का दिन बढ़िया है। साथ ही किसी अच्छे रेस्टोरेन्ट में लंच के लिए जाएंगे। किसी जिम्मेदारी को अनदेखा करने से आपको बचना चाहिए। आज आपकी सेहत ठीक-ठाक रहेगी। छात्रों के लिए आज का दिन बढ़िया रहने वाला है। आप कम से कम समय में काम निपटाने की कोशिश करेंगे। दुर्गा मंदिर में फल अर्पित करें, आपको अपनी मेहनत का फल जरूर मिलेगा।

वृश्चिक राशि- आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आज आप किसी बात को लेकर थोड़ा उलझन में रहेंगे, जिसे आप अपने किसी ख़ास मित्र से शेयर करेंगे। परिवार वालों के साथ बाहर मूवी का प्लान बन सकता है। दोस्त की बर्थडे पार्टी में जाएंगे जहां बाकी दोस्तों के साथ एंजॉय करने का मौका मिलेगा। आज नई स्किल सीख सकते है, जिसका लाभ आपको भविष्य में जरूर मिलेगा।

धनु राशि- आज का दिन आपके लिए ठीक रहने वाला है। आपका अच्छा व्यवहार समाज में अलग पहचान बनाने में मदद करेगा। घर पर फ्लोवर डेकोरेशन का काम करवा सकते हैं। कॉन्ट्रेक्टर्स के लिए आज का दिन धनलाभ देने वाला है। आज अपने डेली रूटीन में आप कुछ बदलाव कर सकते हैं। किसी काम को करने का नया तरीका बिजनेस में फायदा करायेगा। राजनीति में आपके अच्छे कार्यों की तारीफ होगी।

मकर राशि-आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। अपने बिजनेस को बढ़ाने के लिए आपको नए अवसर मिलेंगे। किसी को उधार दिया हुआ पैसा आज आपको अचानक वापस मिल सकता है। व्यापार में किसी व्यक्ति से फायदा मिलने की उम्मीद बढ़ेगी। भाई-बहनों से आपको पूरा-पूरा सहयोग मिलेगा। आज घर में कोई फंक्शन होने से आपके शेड्यूल में बदलाव आ सकता है।

कुंभ राशि- आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। इस राशि के स्टूडेंट्स का दिन राहत भरा होगा नया शेड्यूल बनाने का विचार कर सकते हैं। आज ऑफिस में फोन का इस्तेमाल कम से कम करेंगे और अपने काम पर पूरा फोकस करेंगे। पैसों के मामलों में लोगों पर जरूरत से ज्यादा भरोसा करने से बचना चाहिए।

मीन राशि-आज आपको अचानक नए स्रोतों से धन मिलेगा, जो आपके दिन को खुशनुमा बना देगा। सामाजिक कामों में आपकी रुचि बढ़ सकती है। आपको जीवनसाथी से काम में पूरा-पूरा सहयोग मिलेगा। व्यापार में साझेदारी से आपको लाभ हो सकता है।

# देनदारियां चुकाने का दावा करते डॉ. मोहन यादव

**अरुण पटेल**

***मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दावा किया है कि बीते वित्तीय वर्ष में उनकी सरकार ने आठ साल पुरानी देनदारियां चुकाई हैं। उनका कहना है कि यह सब कुशल वित्तीय प्रबंधन से संभव हो पाया है। अब हम विकास के साथ औद्योगिक गतिविधियां और जन-हितैषी कामों की दृष्टि से आगे बढ़ रहे हैं। मुख्यमंत्री का कहना है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में प्रदेश में डबल इंजन की सरकार जनहितैषी संकल्पों के साथ आगे बढ़ रही है। इन दिनों मोहन यादव फुलफार्म में हैं और जहां भी मौका मिलता है अफसरों की खिंचाई करने से नहीं चूकते।***



उन्होंने कहा है कि प्रदेश का कोई भी स्कूल जर्जर हालत में न रहे, समय रहते उसे ठीक करें। वहीं दूसरी ओर राज्य विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने सवाल किया है कि मुख्यमंत्री जनता को बतायें कि प्रदेश कब और कैसे कर्जमुक्त हो गया। वित्तमंत्री ने बजट में 4 करोड़ 21 लाख रुपये का कर्ज बताया था। सरकार लगातार कर्ज ले रही है ऐसे में एक महीने में सभी देनदारियां चुकाने की बात आश्चर्य की बात है और यह स्पष्ट होना चाहिये कि प्रदेश कर्जमुक्त कैसे हुआ। डॉ. मोहन यादव का कहना है कि बजट में कोई नया टेक्स नहीं लगाया गया है फिर भी इसमें 16 प्रतिशत की वृद्धि की गयी है। सरकारी कर्मचारियों के हित में लगभग दस-पन्द्रह साल तक के पुराने भत्तों की राशि बढ़ाने का निर्णय लिया गया है जिससे 1500 करोड़ रुपये का लाभ कर्मचारियों को मिलेगा।

एमएसएमई और हैवी इंडस्ट्रीज सहित सभी प्रकार की इकाइयों को एक वर्ष में 5225 करोड़ रुपए की राशि देने का भी काम किया गया है। शिक्षा नीति 2020 का अक्षरशः पालन करने का उन्होंने निर्देश दिया है, बोर्ड के परीक्षा परिणाम समय पर घोषित करने को भी कहा है। उन्होंने कहा कि हर जिले में पीपीपी मॉडल पर नर्सरियां विकसित की जायेंगी, उद्यानिकी तथा प्रसंस्करण विभाग की नर्सरियों में यह मॉडल लागू होगा, विश्वविद्यालयों और शासकीय विभागों की खाली जमीनों पर उद्यान विकसित किए जायेंगे। नीमच और मंदसौर में औषधि कृषि के लिए उद्यानिकी इंडस्ट्री कान्क्लेव होगा। आगामी पांच वर्ष में 33 लाख 91 हजार हेक्टेयर तक उद्यानिकी फसल का लक्ष्य रखा गया है।

### जिलाध्यक्षों को शक्तिशाली करेगी कांग्रेस

'सब कुछ लुटाकर होश में आए तो क्या हुआ।' लेकिन देर आए दुरुस्त आए की कहावत को चरितार्थ करती हुई कांग्रेस आज नजर आ रही है, अब कितना कर पायेगी यह तो आने वाला समय ही बतायेगा, लेकिन कोशिश प्रारम्भ की जा रही है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की पाठशाला में दिल्ली में शामिल होकर लौटे प्रदेश कांग्रेस के नेता इन दिनों फुलफार्म में हैं। देखने वाली बात यही होगी कि इस फार्म में वे कितने दिनों तक रहते हैं। कांग्रेस में अब जिलाध्यक्षों के अधिकार बढ़ाये जायेंगे और उन्हें ज्यादा पावरफुल किया जायेगा। यदि उनकी जिम्मेदारियों बढ़ेगी तो उन्हें अपनी सक्रियता भी बढ़ाना होगी और उन पर निगरानी रखने का तंत्र भी तेज गति पकड़ेगा । गांव-गांव तक कांग्रेस संगठन नए सिरे से बनाया जायेगा तथा ग्राम कमेटियां गठित होगीं। शहरी तथा अर्धशहरी इलाकों में वार्ड समितियां बनाई जायेंगी। दिल्ली में हुई बैठक को मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी और जीतू पटवारी एवं उमंग सिंघार ने सम्बोधित किया। कुछ अन्य नेताओं ने भी अपने विचार रखे। इस बैठक में जो सुझाव उभर कर आए उन्हें आगामी 8 और 9 अप्रैल को अहमदाबाद के कांग्रेस राष्ट्रीय अधिवेशन में रखा जायेगा। सबसे बड़ी नसीहत नेताओं को यह दी गई कि एकजुट होकर कार्य करें। सवाल यही है कि यह नसीहत कितने दिन तक नेताओं पर असर करेगी या फिर 'आगे पथ और पीछे सपाट' की स्थिति हो जायेगी, क्योंकि अक्सर यह देखा गया है कि इस प्रकार की बैठकों में बातें तो लम्बी -चौड़ी की जाती हैं, लक्ष्य भी दिए जाते हैं और उसे भुलाने में देर भी नहीं होती। पंचायत चुनाव, विधानसभा चुनाव या लोकसभा चुनाव में पार्टी को मिले वोटों के प्रतिशत से जिलाध्यक्षों का भविष्य तय होगा और राजनीतिक विद्वेष पर जो पार्टी कार्यकर्ताओं पर मुकदमें लगते हैं उनमें पार्टी कार्यकर्ता के साथ खड़ी रहेगी। राहुल गांधी ने इस बात पर जोर दिया कि जिलाध्यक्षों को अधिक सक्रिय किया जायेगा तथा जिले से लेकर ब्लाक और बूथ स्तर तक सभी को मिलकर कार्य करना होगा।

### और यह भी

योगगुरु बाबा रामदेव का पतंजलि ग्रुप अब मध्यप्रदेश के विंध्य अंचल में भी अपने पैर पसारने जा रहा है। इस ग्रुप को मऊगंज के घुरहेटा में करीब 400 एकड़ भूमि आवंटित की गई है। यहां पर पतंजलि ग्रुप ने एकीकृत प्रसंस्करण स्थापित करने की योजना बनाई है जिसमें खाद्य प्रसंस्करण के साथ ही आयुर्वेद, प्राकृतिक चिकित्सा उत्पाद सहित कुछ अन्य प्रसंस्करण लगाए जाएंगे। इंडस्ट्रियल कारपोरेशन ने भूमि आवंटन के साथ ही 26 करोड़ रुपए की डिमांड भी भेजी है।



## संक्षिप्त समाचार

### पहले जूसवाला, अब मजदूर... 8500 कमाने वाले को इनकम टैक्स ने भेजा 3.87 करोड़ का नोटिस; जानें क्या है मामला

अलीगढ़ (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ जिले से एक और चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां एक दिहाड़ी मजदूर को आयकर विभाग ने 3.87 करोड़ रुपये का नोटिस थमा दिया। महज़ 8,500 रुपये मासिक कमाने वाले मोहित नामक मजदूर के नाम पर दिल्ली में एक फर्जी कंपनी चलाए जाने का मामला उजागर हुआ है। थाना गभाना क्षेत्र के गांव सांगौर निवासी मोहित ट्रांसपोर्ट कंपनी में मजदूरी करता है। लेकिन उसके नाम पर 'एमके ट्रेडर्स' नाम से दिल्ली में एक कंपनी पंजीकृत मिली, जिसके चलते इनकम टैक्स विभाग ने उस पर बकाया रिटर्न न भरने को लेकर 100 प्रतिशत पेनाल्टी के साथ भारी-भरकम नोटिस भेज दिया। मोहित जब यह नोटिस लेकर पुलिस के पास पहुंचा, तो मामले की सच्चाई सामने आई। जांच में खुलासा हुआ कि मोहित के पैन और आधार कार्ड का दुरुपयोग कर यह कंपनी शुरू की गई थी। यह अलीगढ़ में इस प्रकार का चौथा मामला है। इससे पहले एक जूस विक्रेता को 7.76 करोड़, एक ताला कारीगर को 11.11 करोड़ और स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के संविदाकर्मी करण कुमार को 33.88 करोड़ रुपये का नोटिस मिल चुका है। इन सभी मामलों में आधार और पैन कार्ड की धोखाधड़ी सामने आई है। लगातार सामने आ रहे इन मामलों ने आधार और पैन कार्ड की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। पीड़ितों और स्थानीय लोगों में भय और आक्रोश का माहौल है। पुलिस और साइबर सेल इन मामलों की जांच में जुट गई है।

### लुधियाना पश्चिम उपचुनाव 2025 : कांग्रेस ने भारत भूषण आशु को उतारा, आप के संजीव अरोड़ा से सीधी टक्कर


लुधियाना (आरएनएस)। लुधियाना पश्चिम विधानसभा सीट के लिए होने वाले उपचुनाव में कांग्रेस ने पूर्व कैबिनेट मंत्री भारत भूषण आशु को उम्मीदवार घोषित किया है। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव केसी वेणुगोपाल ने शुक्रवार रात उनकी उम्मीदवारी की औपचारिक घोषणा की। यह सीट आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक गुरप्रीत गोगी के निधन के बाद खाली हुई थी। हालांकि अभी चुनाव आयोग ने उपचुनाव की तारीख की घोषणा नहीं की है, लेकिन यह सीट राजनीतिक तौर पर हॉटस्पॉट बन चुकी है। सत्ताधारी आम आदमी पार्टी ने इस सीट से राज्यसभा सदस्य संजीव अरोड़ा को मैदान में उतारा है। पार्टी नेतृत्व इस सीट पर जीत सुनिश्चित करने के लिए पूरी ताकत झोंक रहा है। वहीं, शिरोमणि अकाली दल ने भी चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी है, और भाजपा में भी प्रत्याशी चयन को लेकर गतिविधियां तेज हैं। भाजपा के ऑब्जर्वर दावेदारों से बातचीत कर रहे हैं।

### बहलोलपुर में भीषण आग से दहशत, झुग्गियां और कबाड़ के गोदाम जलकर खाक

नोएडा (आरएनएस)। नोएडा के थाना सेक्टर-63 क्षेत्र अंतर्गत बहलोलपुर चोटपुर कॉलोनी में शुक्रवार 5 अप्रैल को भीषण आग लग गई, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। आग झुग्गियों और कबाड़ के गोदामों में लगी, जिसकी लपटें दूर-दूर तक दिखाई दीं। आग की भयावहता को देखते हुए आसपास के लोगों में दहशत फैल गई। स्थानीय लोगों का आरोप है कि नोएडा अथॉरिटी और फायर विभाग की लापरवाही की वजह से यह घटना हुई है। इससे पहले भी कुछ हफ्ते पहले इसी क्षेत्र में झुग्गियों और कबाड़ के गोदामों में आग लग चुकी थी, लेकिन उस समय भी संबंधित विभागों ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की थी।अब एक बार फिर से दर्जनों झुग्गियां आग की चपेट में आ गई हैं और सैकड़ों लोगों को अपनी झुग्गियां खाली करनी पड़ी हैं। फायर विभाग को आग लगने की सूचना मिलते ही मौके पर दमकल की गाड़ियां भेजी गईं। एडीसीपी हृदेश कठेरिया ने जानकारी दी कि आग बुझाने के लिए फायर विभाग की 10 गाड़ियां मौके पर भेजी गईं, और स्थिति को नियंत्रण में कर लिया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि फिलहाल इस घटना में किसी प्रकार की कोई जनहानि नहीं हुई है। हालांकि, कई झुग्गियां पूरी तरह जलकर खाक हो गई हैं। दमकल कर्मी अभी भी मौके पर डटे हुए हैं और आग पर पूरी तरह काबू पाने की कोशिश में जुटे हैं। झुग्गी क्षेत्र में सैकड़ों लोग रहते हैं, जिन्हें सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह इलाका पहले से ही संवेदनशील है, और बार-बार लगने वाली आग से उनकी जान-माल को लगातार खतरा बना हुआ है। लोगों ने मांग की है कि नोएडा अथॉरिटी और फायर विभाग इस क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीरता से ध्यान दे और कबाड़ के अवैध गोदामों पर तुरंत कार्रवाई करे, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों।

# हथियार छोड़ मुख्यधारा में लौटें, मारे जाने पर कोई नहीं होता खुश : अमित शाह

## नक्सलियों से अमित शाह की अपील



नई दिल्ली (ए.)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित इलाके दंतेवाड़ा के दौरे पर हैं। अमित शाह ने कहा कि अगले मार्च तक हम पूरे देश को इस लाल आतंक (नक्सलवाद) से मुक्त कराने के लिए काम करेंगे। उन्होंने कहा कि अब वो समय चला गया जब यहां गोलियां चलती थीं, बम फटते थे। मैं उन सभी लोगों से, जिनके हाथ में हथियार हैं, सभी नक्सली भाइयों से आग्रह करने आया हूं कि वे अपने हथियार छोड़ दें। जब कोई नक्सली मारा जाता है तो कोई खुश नहीं होता, लेकिन इस क्षेत्र को विकास की जरूरत है। अमित शाह ने कहा कि विष्णु देव साय और विजय शर्मा ने घोषणा की है कि जो गांव हर नक्सली को सरेंडर करवाएगा, उस गांव को नक्सल मुक्त घोषित किया जाएगा और विकास निधि के रूप में एक करोड़ रुपए दिए जाएंगे। उन्होंने अपील की कि मुख्यधारा से जुड़िए, भारत सरकार और छत्तीसगढ़ सरकार आपकी पूरी सुरक्षा करेगी। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि गृह मंत्री अमित शाह ने 31 मार्च 2026 तक पूरे देश से नक्सलवाद को खत्म करने का संकल्प लिया है। आज नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई बड़ी मजबूती के साथ जारी है। हमें लगातार सफलता मिल रही है। मुझे पूरा विश्वास है कि मां दंतेश्वरी के आशीर्वाद से उनका संकल्प जरूर पूरा होगा। इससे पहले अमित शाह ने शनिवार को छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में मां दंतेश्वरी मंदिर में पूजा-अर्चना की। इस दौरान उनके साथ मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव और विजय शर्मा भी थे। चौदहवीं शताब्दी में निर्मित धार्मिक स्थल दंतेश्वरी मंदिर देवी दंतेश्वरी को समर्पित है। यह मंदिर दक्षिण बस्तर क्षेत्र में राजधानी रायपुर से लगभग 400 किलोमीटर दूर दंतेवाड़ा शहर में स्थित है। नवरात्र (चैत्र नवरात्र और शारदीय नवरात्र) के दौरान लाखों की संख्या में श्रद्धालु यहां आते हैं। राज्य के दो दिवसीय दौरे पर शुक्रवार रात रायपुर पहुंचे शाह का यहां राज्य सरकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम बस्तर पंडुम के समापन समारोह में शामिल होने का कार्यक्रम है।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को कोलंबो में श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमार डिसनायके द्वारा मित्र विभूषण पदक से सम्मानित किया गया।

### कैश कांड में घिरे जस्टिस यशवंत वर्मा ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में शपथ ली, अभी नहीं कर सकेंगे कोई काम

लखनऊ (ए.)। अपने आवास पर भारी मात्रा में नकदी मिलने के बाद सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में जांच का सामना कर रहे न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा ने शनिवार को एक निजी समारोह में इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में शपथ ली। हालांकि, न्यायमूर्ति वर्मा को उनके खिलाफ आंतरिक जांच जारी रहने तक कोई न्यायिक कार्य नहीं सौंपा जाएगा। इलाहाबाद उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के बाद न्यायमूर्ति वर्मा वरिष्ठता में छठे स्थान पर हैं। न्यायाधीशों के लिए आयोजित होने वाले सामान्य सार्वजनिक शपथ ग्रहण समारोहों के विपरीत, न्यायमूर्ति वर्मा ने एक निजी कक्ष में शपथ ली। इलाहाबाद बार एसोसिएशन द्वारा उनके तबादले पर विरोध के बावजूद, केंद्र ने 28 मार्च को उन्हें दिल्ली से इलाहाबाद उच्च न्यायालय में वापस भेजने की अधिसूचना जारी कर दी। यह अधिसूचना सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम की सिफारिश पर आधारित थी। बार एसोसिएशन ने कहा था कि वह भ्रष्टाचार के आरोपों का सामना कर रहे न्यायाधीशों को बर्दाश्त नहीं करेगा और अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी थी। हालांकि, मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना द्वारा निकाय को आश्वासन दिए जाने के बाद कि उनकी मांग पर विचार किया जाएगा, उन्होंने हड़ताल रोक दी।

### मरा हुआ व्यक्ति जिंदा निकला : कुरुक्षेत्र में मंत्री के सामने खुद का सर्टिफिकेट लेकर पहुंचा शख्स, मचा हड़कंप

कुरुक्षेत्र (आरएनएस)। जब आप किसी से बात कर रहे हों, तो कल्पना करें कि कोई व्यक्ति अचानक आपके पास आकर यह घोषणा कर दे कि सरकार ने उसे मृत घोषित कर दिया है। हरियाणा के कुरुक्षेत्र में भी चौंकाने वाली घटना हुई, जहां जनसम्पर्क एवं शिकायत निवारण समिति की बैठक में सिरसमा गांव के बलवान सिंह ने मंत्री राजेश नागर के सामने अपना मृत्यु प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया। अधिकारी और लोग तब चकित रह गए, जब बलवान सिंह ने कहा, मैं जीवित हूं, लेकिन सरकारी रिकॉर्ड में मुझे मृत दिखाया गया है। हालांकि मंत्री राजेश नागर पहले तो कुछ देर के लिए अचंभित रह गए, लेकिन उन्होंने जल्द ही हरियाणा स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जारी इस प्रमाण पत्र के बारे में अधिकारियों से जवाब मांगा। शिकायत सुनने के बाद स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी हैरान रह गए। बलवान सिंह का मृत्यु प्रमाण पत्र तुरन्त रद्द कर दिया गया। फिर भी, बलवान सिंह का कहना है कि केवल प्रमाण पत्र निरस्त करना पर्याप्त नहीं होगा; वह खुद को जीवित दिखाने के लिए एक सरकारी कार्यालय से दूसरे कार्यालय के चक्कर काट रहे हैं। उन्होंने पूरे मामले की गहन जांच की मांग की है और कहा है, अगर कल को कोई मेरी पेंशन या संपत्ति जब्त कर ले, तो कौन जिम्मेदार होगा? बलवान सिंह की शिकायत सरकारी व्यवस्था की उदासीनता की ओर ध्यान आकर्षित करने के साथ-साथ यह मुद्दा भी उठाती है कि ऐसे मामलों में जिम्मेदारी क्यों नहीं तय की जाती। अगर समय रहते कार्रवाई नहीं की जाती, तो बलवान सिंह का सरकारी कार्यक्रमों और सुविधाओं से कोई संपर्क नहीं रह जाता। इस विचलित करने वाली घटना के बाद मंत्री राजेश नागर ने अधिकारियों को ऐसी लापरवाही न होने देने के सख्त आदेश दिए और मामले की गंभीरता को देखते हुए कहा कि मामले की गहन जांच की जाएगी।

### कुणाल कामरा को पुलिस ने भेजा तीसरा समन, पूछताछ के लिए बुलाया



मुंबई (आरएनएस)। स्टैंड-अप कॉमेडियन कुणाल कामरा की मुसीबतें थमने का नाम नहीं ले रही हैं। शनिवार को मुंबई की खार पुलिस ने उन्हें तीसरा समन भेजा और शनिवार को पूछताछ के लिए हाजिर होने के लिए कहा है। मुंबई के खार पुलिस स्टेशन ने कुणाल कामरा को इसके पहले दो समन जारी कर पूछताछ के लिए हाजिर होने के लिए कहा था, लेकिन कामरा हाजिर नहीं हुए। 27 मार्च को पुलिस ने कुणाल कामरा को समन भेजकर 31 मार्च को पूछताछ के लिए हाजिर होने का निर्देश दिया था। हालांकि, वह हाजिर नहीं हुए। खार पुलिस स्टेशन से मिली जानकारी के मुताबिक, कुणाल कामरा वकील के जरिए पुलिस के संपर्क में नहीं हैं।समन जारी होने पर कुणाल ने 2 अप्रैल तक का समय मांगा था, लेकिन पुलिस ने मोहलत देने से इनकार करते हुए 31 मार्च को खार पुलिस स्टेशन में हाजिर होने के लिए कहा था।

### जादवपुर यूनिवर्सिटी में रामनवमी मनाने की नहीं मिली इजाजत,छात्र बोले- इफ्तार मना सकते हैं तो..

नई दिल्ली (ए.)। जादवपुर विश्वविद्यालय ने कुलपति की अनुपस्थिति को कारण बताते हुए विश्वविद्यालय परिसर में रामनवमी मनाने की अनुमति देने से कथित तौर पर इनकार कर दिया है। जादवपुर विश्वविद्यालय (जेयू) के एक छात्र सोमसूर्या बनर्जी ने बताया कि 28 मार्च को हमने जेयू के सामान्य छात्रों की ओर से विश्वविद्यालय को एक पत्र सौंपा था जिसमें अनुमति (रामनवमी समारोह के लिए) मांगी गई थी; आज हमें विश्वविद्यालय से एक हस्ताक्षरित प्रति मिली जिसमें कहा गया है कि वे अनुमति नहीं दे सकते क्योंकि कुलपति अनुपस्थित हैं। वे इसे एक बहाने के रूप में इस्तेमाल कर रहे हैं। इसी तरह, 3 और 4 अप्रैल को - एसएफओआई ने एक राजनीतिक कार्यक्रम आयोजित किया, और वह भी कुलपति की अनुपस्थिति में, लेकिन उनके पास अनुमति थी। छात्र ने आगे दावा किया कि विश्वविद्यालय परिसर में इफ्तार जैसी हर धार्मिक गतिविधि का आयोजन किया गया, लेकिन हममें से किसी ने भी इसका विरोध नहीं किया।

### तेजस्वी यादव ने वक्फ बिल को बताया असवैधानिक, बोले- देश को बांटना चाहती है भाजपा



पटना (ए.)। राजद नेता तेजस्वी यादव ने शनिवार को वक्फ संशोधन विधेयक, 2025 की कड़ी निंदा करते हुए इसे असंवैधानिक बताया और भाजपा पर इसका इस्तेमाल देश को बांटने और महत्वपूर्ण मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए करने का आरोप लगाया। उनकी टिप्पणी संसद के दोनों सदनों द्वारा लंबी और गहन बहस के बाद विधेयक पारित होने के बाद आई। यादव ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, राजद ने लोकसभा और राज्यसभा में वक्फ विधेयक का विरोध किया है। हमारे सभी सांसदों ने इसके खिलाफ मतदान किया। हम सभी का मानना है कि यह एक असंवैधानिक विधेयक है, यह अनुच्छेद 26 का उल्लंघन है। तेजस्वी ने भाजपा पर ध्रुवीकरण को बढ़ावा देने के लिए विधेयक को आगे बढ़ाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, भाजपा के लोग ध्रुवीकरण करना चाहते हैं, देश को बांटना चाहते हैं, वे बेरोजगारी, महंगाई, पलायन, आर्थिक स्थिति, गरीबी जैसे वास्तविक मुद्दों से ध्यान भटकाना चाहते हैं। यादव ने सत्तारूढ़ पार्टी की वैचारिक जड़ों पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा, आरएसएस और भाजपा संविधान के खिलाफ हैं क्योंकि वे नागपुर (आरएसएस मुख्यालय) के कानून को लागू करना चाहते हैं। हम धर्मनिरपेक्ष हैं, विचारधारा और सिद्धांतों की राजनीति करते हैं। हमने विचारधारा से कभी समझौता नहीं किया, हम कभी नहीं करेंगे और लड़ते रहेंगे। बिहार के सीएम नीतीश कुमार का सीधे नाम लिए बिना यादव ने कहा, माननीय सीएम की तबीयत ठीक नहीं है, मैं उन पर कोई टिप्पणी नहीं करना चाहता, लेकिन जो पार्टियां खुद को धर्मनिरपेक्ष कहती हैं, उनकी पोल खुल गई है।

### दिल्ली में लागू हुई आयुष्मान भारत योजना, केंद्र के साथ समझौते पर हस्ताक्षर, मिलेगा 10 लाख तक का फ्री इलाज






नई दिल्ली (ए.)। भाजपा के नेतृत्व में दिल्ली सरकार ने आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना को राष्ट्रीय राजधानी में लाने के लिए केंद्र सरकार के साथ साझेदारी की है। शनिवार को एक समझौते पर हस्ताक्षर करके, दिल्ली इस स्वास्थ्य योजना को अपनाने वाला 35वां राज्य/केंद्र शासित प्रदेश बन गया, जिससे पश्चिम बंगाल एकमात्र गैर-भागीदारी वाला राज्य बन गया। स्वास्थ्य सेवा कार्यक्रम 27 विशेषताओं में 1,961 चिकित्सा प्रक्रियाओं को कवर करते हुए मानार्थ उपचार प्रदान करता है, जिसमें दवाएं, निदान, अस्पताल में रहना, गहन देखभाल और शल्य चिकित्सा हस्तक्षेप शामिल हैं। योग्य दिल्ली के परिवारों को सालाना 10 लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा मिलेगा, जिसे केंद्र और दिल्ली सरकार के बीच बराबर-बराबर 5 लाख रुपये के हिसाब से बांटा जाएगा। दिल्ली के अधिकारियों और राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण के बीच समझौते को औपचारिक रूप दिया गया, जिसमें केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता समारोह में शामिल हुए। राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण आयुष्मान भारत स्वास्थ्य बीमा कार्यक्रम के कार्यान्वयन की देखरेख करने वाला प्रमुख संगठन है। आयुष्मान भारत योजना 27 विशेषज्ञताओं में 1,961 चिकित्सा प्रक्रियाओं के लिए मुफ्त और 'कैशलेस' उपचार प्रदान करती है, जिसमें दवाओं, नैदानिक सेवाओं, अस्पताल में भर्ती होने, आईसीयू देखभाल, सर्जरी और अन्य लागत शामिल हैं।

### वक्फ संशोधन बिल मुस्लिमों के हित में, विपक्ष द्वारा गुमराह करने की कोशिश की जा रही : शाहनवाज हुसैन

समस्तीपुर (आरएनएस)। लोकसभा और राज्यसभा में वक्फ संशोधन विधेयक के पास हो जाने के बाद भी इसे लेकर बयानबाजियों का दौर थमने का नाम नहीं ले रहा है। इस बीच, भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता और पूर्व मंत्री सैयद शाहनवाज हुसैन ने समस्तीपुर में कहा कि लोकसभा और राज्यसभा में पेश हुआ वक्फ संशोधन विधेयक मुसलमानों के हित में है। इस बिल से गरीब मुसलमानों को लाभ मिलेगा और वे नए सिरे से अपना विकास कर सकेंगे। राष्ट्रीय प्रवक्ता ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान बताया कि इस बिल के दोनों सदनों में पास होने के बाद उन्हें सोशल मीडिया पर लगातार धमकियां दी जा रही हैं, गालियां दी जा रही हैं, लेकिन ऐसी धमकियों से वे डरने वाले नहीं हैं। ऐसे लोगों की वह पहचान करा रहे हैं।

### स्टैंड-अप इंडिया स्कीम के तहत रिकॉर्ड 61,020 करोड़ रुपये के लोन किए गए स्वीकृत : केंद्र




नई दिल्ली (आरएनएस)। स्टैंड-अप इंडिया योजना ने पिछले कुछ वर्षों में शानदार वृद्धि दर्ज करवाई है, जिसके तहत स्वीकृत की गई कुल लोन राशि 31 मार्च, 2019 को 16,085.07 करोड़ रुपये से बढ़कर 17 मार्च, 2025 तक 61,020.41 करोड़ रुपये हो गई है। यह जानकारी केंद्र सरकार की ओर से दी गई।यह शानदार वृद्धि देश भर में उद्यमियों को सशक्त बनाने में इस योजना के बढ़ते प्रभाव को दर्शाती है।इस अवधि में एससी खाते 9,399 से बढ़कर 46,248 हो गए, जबकि लोन राशि 1,826.21 करोड़ रुपये से बढ़कर 9,747.11 करोड़ रुपये हो गई।एसटी खाते 2,841 से बढ़कर 15,228 हो गए, जबकि स्वीकृत किए गए लोन 574.65 करोड़ रुपये से बढ़कर 3,244.07 करोड़ रुपये हो गए। वित्त मंत्रालय ने कहा, 2018 से 2024 तक महिला उद्यमियों के खाते 55,644 से बढ़कर 1,90,844 हो गए, जबकि स्वीकृत की गई राशि 12,452.37 करोड़ रुपये से बढ़कर 43,984.10 करोड़ रुपये हो गई। स्टैंड-अप इंडिया योजना एक परिवर्तनकारी पहल रही है, जो एससी, एसटी और महिला उद्यमियों को उनके व्यावसायिक विचारों को वास्तविकता में बदलने के लिए सशक्त बनाती है।मंत्रालय ने कहा, लोन स्वीकृति और वितरण में महत्वपूर्ण उपलब्धियों के साथ योजना समावेशी विकास को बढ़ावा देना जारी रखती है। योजना केवल लोन को लेकर नहीं है, बल्कि यह अवसर पैदा करने, बदलाव लाने और आकांक्षाओं को उपलब्धियों में बदलने को लेकर भी है।



दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता अष्टमी के अवसर पर नई दिल्ली के शालीमार बाग स्थित राजकीय सर्वोदय कन्या विद्यालय में कन्या पूजन करती हुईं।

## वक्फ बिल पर बीजेडी में तूफान, पार्टी के कई सांसदों ने पक्ष में डाला वोट, अब उठी कार्रवाई की मांग

नई दिल्ली (ए.)। राज्यसभा सांसद सस्मित पात्रा द्वारा विवादास्पद वक्फ संशोधन विधेयक के पक्ष में मतदान करने के बाद बीजू जनता दल (बीजेडी) के भीतर एक तूफान खड़ा हो गया है, जिससे सांप्रदायिक मामलों पर पार्टी के समान रुख में संभावित बदलाव को लेकर सवाल उठने लगे हैं। इस मतदान ने वरिष्ठ नेताओं में व्यापक असंतोष पैदा कर दिया है, और पार्टी की नीति से विचलन की जांच की मांग की है। वरिष्ठ नेता बद्री पात्रा ने इस तरह का वोट डालने के सस्मित के अधिकार पर खुले तौर पर सवाल उठाया, जिससे आंतरिक हेरफेर का संकेत मिलता है।

बद्री पात्रा ने कहा कि पार्टी ने विधेयक का विरोध करने का फैसला किया था। आखिरी समय में यह कैसे बदल गया? किसी ने खेल खेला, हमें पता लगाना होगा कि किसने खेला। उन्होंने यह भी बताया कि बीजेडी के सात सांसदों में से एक ने विरोध किया, पांच ने समर्थन किया और एक ने मतदान से परहेज किया - जबकि पार्टी अध्यक्ष



नवीन पटनायक ने कथित तौर पर स्पष्ट निर्देश जारी किए थे। उल्लेखनीय है कि कोई आधिकारिक व्हिप जारी नहीं किया गया था। असहमति का यह पहला संकेत नहीं है। पूर्व मंत्री प्रफुल्ल सामल ने नवीन पटनायक को पत्र लिखकर अनुशासनात्मक कार्रवाई और घटना की समीक्षा की मांग की थी।

यह विवाद बीजेडी की वैचारिक स्थिति पर प्रहार करता है, बद्री पात्रा ने नैतिक संकट की चेतावनी दी है। उन्होंने कहा, सस्मित पात्रा एकतरफा तरीके से पार्टी लाइन नहीं बदल सकते। उनके इस कदम से पार्टी की साख को नुकसान पहुंचा है। हालांकि न तो सस्मित और न ही केंद्रीय नेतृत्व ने आधिकारिक तौर पर कोई प्रतिक्रिया दी है, लेकिन सूत्रों का कहना है कि नवीन पटनायक इस मामले की गंभीरता से जांच कर रहे हैं। जल्द ही एक औपचारिक जांच शुरू की जा सकती है, ताकि पता चल सके कि सस्मित ने स्वतंत्र रूप से काम किया या गुप्त मार्गदर्शन में।

बीजू जनता दल (बीजद) के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री प्रताप जेना ने पार्टी अध्यक्ष नवीन पटनायक को पत्र लिखकर राज्यसभा सांसद सस्मित पात्रा के वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2025 के पक्ष में मतदान करने के फैसले पर गंभीर चिंता व्यक्त की है। जैसे-जैसे तनाव बढ़ता जा रहा है और नेता खुलकर अपनी चिंताएं व्यक्त कर रहे हैं, इस घटना ने बीजेडी के भीतर दरार को उजागर कर दिया है, जो अनुशासित, संतुलित राजनीति की इसकी लंबे समय से चली आ रही छवि को चुनौती दे रहा है।

# अंजलि आनंद ने रणवीर सिंह के साथ अपने अनोखे संबंध के बारे में बात की



अभिनेत्री अंजलि आनंद ने रणवीर सिंह के साथ अपने गहरे संबंध के बारे में बात की है और बताया है कि कैसे वे व्यक्तिगत और पेशेवर दोनों स्तरों पर एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं।

वह उनकी समानताओं पर चर्चा करती हैं, उनके ऊर्जावान व्यक्तित्व से लेकर उनके काम के प्रति उनके साझा जुनून तक, और कैसे उनकी बातचीत ने एक सार्थक संबंध बनाया है। डब्बा कार्टेल की अभिनेत्री ने न केवल एक अभिनेता के रूप में उनके शानदार काम के लिए बल्कि उनके उदार स्वभाव के लिए भी सिंह की प्रशंसा की।

अंजलि ने बताया, रणवीर के साथ काम करना बेहद मजेदार है। वह ऊर्जा से भरपूर है और हम कई स्तरों पर एक-दूसरे से जुड़ते हैं। हम दोनों ही फिल्मों के बहुत बड़े प्रशंसक हैं, इसलिए हमारा साझा जुनून साथ काम करने को बहुत मजेदार बनाता है। वह न केवल एक अभिनेता के रूप में बल्कि एक व्यक्ति के रूप में भी अविश्वसनीय रूप से उदार है। चाहे हम काम कर रहे हों, पार्टी कर रहे हों या बस साथ में मौज-मस्ती कर रहे हों, यह हमेशा खुशी की बात होती है।


आनंद को करण जौहर की फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी में रणवीर सिंह की बहन गायत्री रंधावा के किरदार में देखा गया था। 2023 की रोमांटिक कॉमेडी में आलिया भट्ट, धर्मेंद्र, जया बच्चन, शबाना आज़मी, तोता रॉय चौधरी, चूर्णी गांगुली, आमिर बशीर और क्षिती जोग ने भी अभिनय किया।

अंजलि आनंद ने डब्बा कार्टेल के सेट पर एक अविस्मरणीय क्षण को भी याद किया, जहां वह अनुभवी अभिनेत्री शबाना आज़मी के साथ एक दृश्य को फिल्माते समय पूरी तरह से आश्चर्यचकित रह गई थीं।

अंजलि ने बताया, एक खास पल था जब मैं शबाना जी के साथ डब्बा करताल में एक सीन फिल्मा रही थी। उन्होंने यूं ही एक नाम लिया- कोई ऐसा व्यक्ति जो कभी उनका बॉस था, कोई महत्वपूर्ण व्यक्ति- और मैं पूरी तरह से चौंक गई। उस पल में मेरे विचार बिखर गए। मैं सोच रही थी, मैं यहां हूं, शबाना आज़मी के सामने खड़ी हूं! यह निश्चित रूप से मुझे थोड़ा परेशान कर रहा था। लेकिन फिर मुझे एहसास हुआ कि मुझे अपना संयम बनाए रखना है और मेरे सामने मौजूद व्यक्ति की परवाह किए बिना प्रदर्शन देने पर ध्यान केंद्रित करना है। उस पल ने निश्चित रूप से मुझे कुछ सेकंड के लिए अपना ध्यान खो दिया, जो मेरे लिए असामान्य था। ऐसा पहले कभी नहीं हुआ था, लेकिन यह एक शक्तिशाली क्षण था।

अंजलि हाल ही में नेटफ्लिक्स के शो डब्बा कार्टेल में नज़र आईं, जहाँ उन्होंने बिंदास लेकिन भोली-भाली शाहिदा का किरदार निभाया। हितेश भाटिया द्वारा निर्देशित इस सीरीज़ में शबाना आज़मी, गजराज राव, ज्योतिका, निमिषा सजयन और शालिनी पांडे भी थे।

# ममूटी की बहुप्रतीक्षित एक्शन थ्रिलर बाजूका का ट्रेलर रिलीज़, 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में दस्तक देगी फिल्म




ममूटी की आने वाली फिल्म बाज़ूका का ट्रेलर रिलीज़ हो गया है, और यह अच्छाई बनाम बुराई का रोमांचक खेल पेश करता है। दीनो डेनिस द्वारा निर्देशित यह फिल्म 10 अप्रैल, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज़ होगी। ट्रेलर में हमें एक्शन से भरपूर थ्रिलर की झलक मिलती है, जिसमें ममूटी विनोद मेनन की भूमिका निभा रहे हैं। गौतम वासुदेव मेनन, जो आईपीएस अधिकारी बेंजामिन जोशुआ की भूमिका निभा रहे हैं, ममूटी के किरदार को मिस्टर नोबडी लेकिन निश्चित रूप से कोई व्यक्ति के रूप में पेश करते हैं। ट्रेलर में सौम्य और स्टाइलिश ममूटी को दिखाया गया है, जो अपनी मांसपेशियों को मज़बूत करते हुए दिखाई देते हैं, साथ ही गौतम वासुदेव मेनन का किरदार भी है, जो बुरे लोगों को खत्म करने के लिए दृढ़ संकल्पित है। एक्शन से भरपूर ट्रेलर में हथियारबंद लोग निशाना साधते हुए नज़र आते हैं, और ममूटी का किरदार इन सबके बीच में नज़र आता है। अपनी रोमांचक कहानी और स्टाइलिश एक्शन सीक्वेंस के साथ, बाज़ूका एक रोमांचक फिल्म होने का वादा करती है।

बाज़ूका के ट्रेलर ने प्रशंसकों के बीच काफ़ी दिलचस्पी पैदा की है, जो फ़िल्म की रिलीज़ का बेसब्री से इंतज़ार कर रहे हैं। अपनी अनूठी कथा और स्टाइलिश एक्शन दृश्यों के साथ, बाज़ूका मलयालम सिनेमा की दुनिया में एक गेम-चेंजर प्रतीत होती है। ममूटी का किरदार, विनोद मेनन, एक जटिल किरदार लगता है, गौतम वासुदेव मेनन के किरदार ने उसे क्लासी और स्लीक बताया है। ट्रेलर कई सवाल उठाता है, और प्रशंसक बेसब्री से इंतज़ार कर रहे हैं कि कहानी कैसे आगे बढ़ती है। बाज़ूका के साथ, ममूटी अपने तत्व में वापस आ गए हैं, एक ऐसा किरदार निभा रहे हैं जो स्टाइलिश और एक्शन से भरपूर है। 10 अप्रैल, 2025 को फ़िल्म की रिलीज़ का काफ़ी बेसब्री से इंतज़ार किया जा रहा है,

## दिशा पाटनी का ग्लैमरस अवतार वायरल, हॉट अदाओं पर फिदा हुए फैंस



बॉलीवुड एक्ट्रेस दिशा पाटनी अपने स्टाइलिश और बोल्ड लुक्स के लिए जानी जाती हैं. हाल ही में उन्होंने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर कुछ बेहद ग्लैमरस तस्वीरें और वीडियो शेयर किए हैं, जो तेजी से वायरल हो रहा हैं. इन तस्वीरों में दिशा सिल्वर कलर की शिमरी ड्रेस में नजर आ रही हैं, जिसमें वह बेहद खूबसूरत और हॉट लग रही हैं. उनकी अदाओं और स्टाइल ने फैंस को दीवाना बना दिया है. दिशा की इन तस्वीरों पर फैंस लगातार कमेंट कर रहे हैं. किसी ने उन्हें सुपर हॉट कहा तो किसी ने गॉर्जियस क्वीन. पोस्ट को अब तक लाखों लाइक्स मिल चुके हैं और इसमें अर्जुन कपूर का भी लाइक शामिल है.

यह पहली बार नहीं है जब दिशा का ग्लैमरस अवतार वायरल हुआ हो. वह अक्सर सोशल मीडिया पर अपनी तस्वीरें और वीडियो शेयर करती रहती हैं, जिन पर फैंस खूब प्यार लुटाते हैं. उनकी फिटनेस और स्टाइलिश लुक्स भी लोगों के बीच चर्चा का विषय बने रहते हैं. दिशा पाटनी के इस लेटेस्ट फोटोशूट ने एक बार फिर साबित कर दिया कि वह बॉलीवुड की सबसे ग्लैमरस और स्टाइलिश एक्ट्रेसेस में से एक हैं.

## 5वें दिन बॉक्स ऑफिस पर धड़ाम सिकंदर, सिंगल डिजिट में हुई कमाई, यहां तक पहुंचा कलेक्शन

सलमान खान की फिल्म सिकंदर ईद के मौके पर 30 मार्च को रिलीज हुई चार दिनों में वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस पर 150 करोड़ रुपये का कारोबार कर लिया है. सलमान खान और रश्मिका मंदाना स्टारर मास एक्शन फिल्म सिकंदर कुछ दर्शकों को पसंद आ रही है, कुछेक को यह सलमान खान के स्टाडम के आगे फीकी लगी है. फिल्म सिकंदर ने 5 दिनों में कितना कलेक्शन कर लिया और 5वें दिन कितनी कमाई हुई है. आइए जानते हैं. सिकंदर ने पहले दिन 35.47 करोड़ रुपये से ओपनिंग की थी. दूसरे दिन 39.37 करोड़ रुपये, तीसरे दिन 27.16 करोड़ रुपये और चौथे दिन 13.85 करोड़ रुपये कमाए हैं. सैकनिल्क की मानें तो फिल्म की कमाई में एक बार फिर गिरावट दर्ज की गई है. सिकंदर ने पांचवें दिन 5.75 करोड़ रुपये कमाए हैं. फिल्म सिकंदर की कमाई में 41.03 फीसदी की गिरावट आई है. इसस पहले चौथे दिन फिल्म की कमाई में 50 फीसदी की गिरावट महसूस हुई थी. सिकंदर का भारत में चार दिनों का कुल कलेक्शन 115.85 करोड़ रुपये का हो गया है. सिकंदर ओवरसीज में अबतक इन चार दिनों में 42.65 करोड़ रुपये कमा चुकी है. वहीं, फिल्म ने वर्ल्डवाइड 158.5 करोड़ रुपये का बिजनेस कर लिया है. पांचवें दिन फिल्म की कमाई सिंगल डिजिट में आ चुकी है और इससे साबित होता है सिकंदर बॉक्स ऑफिस पर जल्द ही दम तोड़ देगी. सिकंदर को एआर मुरुगदास ने डायरेक्ट किया है. साजिद नाडियाडवाला फिल्म सिकंदर के निर्माता हैं. फिल्म की रिलीज से पहले मेकर्स ने दावा किया था कि फिल्म दर्शकों को पसंद आएगी



## ज्ञानवापी फाइल्स का पहला पोस्टर जारी, दर्जी कन्हैया लाल की भूमिका में नजर आए विजय राज

दर्जी कन्हैया लाल की क्रूर हत्या पर आधारित फिल्म ज्ञानवापी फाइल्स- ए टेलर मर्डर स्टोरी की पिछले काफी समय से चर्चा हो रही है।खास बात यह है कि इस फिल्म के हीरो विजय राज हैं। वह फिल्म में दर्जी कन्हैया लाल की भूमिका में नजर आएंगे।अब ज्ञानवापी फाइल्स का पहला पोस्टर सामने आ गया है, जिसमें विजय दर्जी कन्हैया लाल के किरदार में दिखाई दे रहे हैं।फिल्म की रिलीज तारीख से भी पर्दा हो गया है।ज्ञानवापी फाइल्स को 27 जून, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा। निर्माताओं ने पोस्टर साझा करते हुए लिखा, उस कहानी के गवाह बनें, जिसे बताया जाना चाहिए।

# अजय देवगन की रेड 2 का टीजर जारी, आयकर विभाग की छापेमारी पर आधारित है फिल्म

काफी समय से दर्शक अजय देवगन की फिल्म रेड 2 का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, जो जल्द खत्म होने वाला है। उनकी यह फिल्म 1 मई, 2025 को सिनेमाघरों में दस्तक देने को तैयार है।

इस फिल्म में अजय की जोड़ी पहली बार वाणी कपूर के साथ बनी है, वहीं रितेश देशमुख भी फिल्म का अहम हिस्सा हैं।

अब निर्माताओं ने रेड 2 का टीजर जारी कर दिया है, जिसकी कहानी आयकर विभाग की छापेमारी पर आधारित है।

यह फिल्म इसलिए खास है, क्योंकि इसमें पहली बार वाणी, रितेश और अजय की तिकड़ी नजर आएगी। फिल्म के निर्देशक राज कुमार गुप्ता हैं। अजय ने टीजर साझा करते हुए लिखा, 74वीं छापेमारी, 4200 करोड़। इस बार बाजी होगी सबसे बड़ी।

रेड 2 2018 में आई फिल्म रेड का सीक्वल है। इसमें 1980 के दशक में सरदार इंदर सिंह के घर पर पड़े आईटी विभाग की छापेमारी की सच्ची कहानी दिखाई गई थी।

पहली किस्त की तरह ही, यह सीक्वल बड़े पैमाने पर आयकर संचालन से जुड़ी सच्ची घटनाओं से प्रेरित है, जहाँ अधिकारी हाई-प्रोफाइल वित्तीय धोखाधड़ी पर नकेल कसने के लिए खुफिया इकाइयों के साथ मिलकर काम करते हैं। सीक्वल का खुलासा अप्रैल 2020 में हुआ था, और अजय देवगन ने अपने किरदार की कहानी को जारी रखते हुए अमय पटनायक के रूप में अपनी भूमिका को फिर से निभाया। वाणी कपूर ने पहली फिल्म से इलियाना डिक्रूज की जगह मुख्य भूमिका निभाई।रेड 2 का निर्माण भूषण कुमार, कुमार मंगत पाठक, अभिषेक पाठक और कृष्ण कुमार ने किया है। फिल्म को गुलशन कुमार और टी-सीरीज ने प्रस्तुत किया है और यह पैनोरमा स्टूडियोज का प्रोडक्शन है। नवीनतम अपडेट के अनुसार, रेड 2 1 मई 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज़ होने वाली है। अपनी मनोरंजक कहानी, जबरदस्त एक्शन दृश्यों और प्रतिभाशाली कलाकारों के साथ, रेड 2 के ब्लॉकबस्टर हिट होने की उम्मीद है।




# क्या आप भी रोज नहाते हैं? ऐसे बिगड़ सकता है स्किन का नेचुरल बैलेंस

हमारे देश में रोज नहाना लोगों की आदत में शामिल हो चुका है. लभारत में अधिकांश लोगों का मानना है कि रोज नहाने से हम साफ-सुथरा रहते हैं और इससे हमारे शरीर की गंदगी निकल जाती है.

सुबह नहाकर लोग फ्रेश फील करते हैं, तो कुछ लोग रात को नहाकर सोते हैं, लेकिन अगर आपको कोई कहें कि रोज मत नहाया करों. इससे आपको नुकसान पहुंच सकता हैं, तो आप उसका मजाक उड़ाएंगे.

### एक्सपर्ट के मुताबिक

एक्सपर्ट के मुताबिक पहले रोज-रोज नहाना एक समस्या माना जाता था. कहा जाता था कि बार-बार नहाने से स्किन का नेचुरल बैलेंस बिगड़ सकता है, जिससे उसकी सेफ्टी करने वाले जरूरी ऑयल और लाभकारी बैक्टीरिया खत्म हो सकते हैं.

### त्वचा रूखी

माना जाता था कि लगातार नहाने से त्वचा रूखी (Dry Skin) हो सकती है, जिससे दरारें पड़ सकती हैं. इसकी वजह से हानिकारक बैक्टीरिया और एलर्जी अंदर जा सकती हैं और इंफेक्शन, एक्जिमा और सोरायसिस का कारण बन सकती हैं.

आप जितनी देर पानी में रहेंगे, आपकी स्किन उतनी ही ड्राई हो सकती है, चाहे कितनी भी बार नहाएं.



### लोगों में जलन

कम समय के लिए और ठंडे पानी में नहाना बेहतर होता है.

इसके अलावा, मिथाइलिसोथियाज़ोलिनोन, मिथाइलक्लोरोइसोथियाज़ोलिनोन, सल्फेट्स और पैराबेंस जैसे तत्वों की लिस्टिंग की, जो जहरीले होते हैं और लोगों में जलन पैदा कर सकते हैं.

### एक्जिमा वाले लोगों के लिए ठीक नहीं

इससे बचने के लिए आप साबुन की जगह एमोलिएंट क्रीम का इस्तेमाल कर सकते हैं. वहीं डेली नहाना स्किन ड्राइनेस से जुड़ा नहीं है यह सिर्फ एक्जिमा वाले लोगों के लिए ठीक नहीं है.

# ब्रश करने के साथ करें ये जरूरी काम, नहीं तो हो सकती हैं ये दिक्कतें

हमारे शरीर में ज्यादातर बैक्टीरिया मुंह से ही एंट्री करते हैं जो लंग्स और डाइजेस्टिव सिस्टम तक पहुंचते हैं और कई तरह की बीमारियों का कारण बनते हैं. इसके लिए दिन में दो बार ब्रश करने और सुबह-सुबह जीभ साफ करने की सलाह दी जाती है. लेकिन कुछ लोग सिर्फ ब्रश करते हैं और ब्रश के बाद जो जरूरी काम होता है उसे नहीं करते हैं. ऐसे में शरीर में कई खतरे पैदा हो सकते हैं. आइए आपको बताते हैं कि ब्रश करने के बाद क्या करना चाहिए.

### ब्रश के बाद क्या करना चाहिए

जिस तरह हम अपने दांतों को साफ करते हैं, उसी तरह जीभ को भी साफ करना बेहद जरूरी है. जीभ पर कई तरह के खतरनाक बैक्टीरिया होते हैं जो कि गंभीर इंफेक्शन का कारण हो सकते हैं. इसलिए ब्रश करने के फौरन बाद आपको जीभ की सफाई करना चाहिए. यह आपकी जीब को क्लीन भी करता है और कई बीमारियों से बचाता है.

### क्या हो सकते हैं नुकसान सांसों की बदबू

अगर जीभ की सफाई नहीं की जाए, तो मुंह में बैक्टीरिया बढ़ने लगते हैं. जिससे की सांसों में बदबू आने लगती है. जिससे आपको शर्मिंदगी महसूस करनी पड़ सकती हैं.

### मसूड़ों की समस्याएं

मुंह में बैक्टीरिया ज्यादा होने से गम डिजिज, कैविटी और दांतों में सड़न जैसी दिक्कत हो सकती हैं, इसलिए हर दिन दांतों की सफाई के बाद जीभ जरूर साफ करनी चाहिए.

### बैक्टीरिया

जीभ साफ ना करने से उस पर मौजूद गंदगी और बैक्टीरिया धीरे-धीरे पूरे मुंह में फैल सकते हैं, जिससे कई तरह की बीमारियां फैल सकती हैं.

### पाचन से जुड़ी समस्याएं

जीभ पर जमी गंदगी और टॉक्सिन्स पेट में जाकर पाचन तंत्र (Digestive System) को कमजोर कर सकते हैं, जिससे गैस, एसिडिटी और कब्ज जैसी समस्याएं हो सकती हैं.



### इम्यूनिटी कमजोर

जीभ की सफाई ना करने से शरीर में टॉक्सिन्स का लेवल बढ़ सकता है, जिससे की इम्यून सिस्टम पर काफी बुरा असर पड़ सकता है. इससे शरीर के रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर हो सकती है और आप बार-बार बीमार पड़ सकते हैं.

### साफ करने के सही तरीके

हर सुबह ब्रश करने के बाद आप टंग क्लीनर या स्क्रैपर से हल्के हाथों से जीभ साफ करें. टंग क्लीनर प्लास्टिक की बजाय मेटल का यूज करें. अगर आप टंग क्लीनर यूज नहीं करना चाहते हैं तो सॉफ्ट ब्रश से धीरे-धीरे जीभ साफ कर सकते हैं. आप माउथवॉश का इस्तेमाल कर सकते हैं ताकि बैक्टीरिया पूरी तरह से खत्म हो जाएं. ज्यादा मीठा या चिपचिपा खाने के बाद एक्स्ट्रा सफाई जरूर करें.

# बीच मैच में अचानक स्टेडियम की बत्ती हुई गुल, चोटिल होने से बाल-बाल बचा पाकिस्तानी बल्लेबाज



माउंट माउंगानुई (आरएनएस)। न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम ने शनिवार को पाकिस्तान को माउंट माउंगानुई में खेले गए बारिश से प्रभावित तीसरे और अंतिम एकदिवसीय मैच में 43 रनों से शिकस्त दी। इस जीत के साथ ही न्यूजीलैंड ने टी20 सीरीज के बाद तीन मैचों की वनडे सीरीज भी अपने नाम कर ली। कीवी टीम ने इससे पहले पाकिस्तान को टी20 सीरीज में 4-1 से हराया था। गीली आउटफील्ड के कारण तीसरे वनडे को घटाकर 42-42 ओवर का कर दिया गया था।मैच के दौरान एक खतरनाक वाकया देखने को मिला जब पाकिस्तानी बल्लेबाज तैय्यब ताहिर चोटिल होने से बाल-बाल बच गए। पाकिस्तान की पारी के 39वें ओवर में जब जैकब डफी गेंदबाजी के लिए दौड़े और उन्होंने गेंद फेंकी, ठीक उसी समय अचानक स्टेडियम की सारी लाइटें बंद हो गईं। स्ट्राइक पर मौजूद तैय्यब ताहिर को अंधेरे में तेज रफ्तार गेंद का सामना करना पड़ा।

ताहिर ने गजब की फुर्ती दिखाते हुए तुरंत खुद को गेंद की लाइन से अलग किया और क्रीज छोड़कर दूर हट गए। गेंद स्टंप के पास से विकेटकीपर की तरफ निकल गई। इस घटना से कुछ देर के लिए मैदान पर और कमेंट्री बॉक्स में भी हड़कंप मच गया। गनीमत रही कि गेंद किसी खिलाड़ी को नहीं लगी और एक बड़ा हादसा टल गया।मैच की बात करें तो न्यूजीलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 42 ओवर में 8 विकेट खोकर 264 रन बनाए। उनकी ओर से मारिउ ने 61 गेंदों में 58 रन और कप्तान माइकल ब्रेसवेल ने 40 गेंदों में ताबड़तोड़ 59 रन बनाए। जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान की टीम 40 ओवर में 221 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। पाकिस्तान के लिए पूर्व कप्तान बाबर आजम ने 58 गेंदों में 50 रन बनाए, जबकि कप्तान मोहम्मद रिजवान ने 37 और तैय्यब ताहिर ने 33 रनों का योगदान दिया।

### आईपीएल : नटराजन सहित ये खिलाड़ी अवसर की तलाश कर रहे

मुम्बई(ए)। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के इस सत्र में टी नटराजन सहित कुछ खिलाड़ी ऐसे हैं जिन्हें उनकी टीमों ने बड़ी रकम देकर खरीदा है पर उन्हें अब तक एक भी मैच खेलने का अवसर नहीं मिला है। ऐसे भी ये खिलाड़ी अभी भी अवसर की तलाश कर रहे हैं तमिलनाडु के लिए खेलने वाले टी नटराजन ने भारत के लिए 2020 में डेब्यू किया था। घरेलू क्रिकेट में नटराजन को दिल्ली कैपिटल्स ने आईपीएल 2025 की मैगा नीलामी में 10.75 करोड़ रुपये की भारी कीमत पर खरीदा था। इसके बाद भी उनको एक भी मैच खेलने का अवसर नहीं मिला है। इसका कारण है कि टीम में पहले से ही मिचेल स्टार्क, मोहित शर्मा, मुकेश कुमार और दुष्मंथा चमीरा जैसे गेंदबाज अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं।

# सुरक्षाकर्मियों के रोकने के बाद भी नहीं रुका खुशदिल शाह, दर्शकों से भिड़े



वेलिंगटन (ए)। पाकिस्तान की टीम शनिवार को न्यूजीलैंड के साथ तीसरा वनडे खेल रही है। मैंच के दौरान पाकिस्तान के क्रिकेटर खुशदिल शाह की कुछ तस्वीरें सामने आई हैं। तस्वीरों में पाकिस्तान खिलाड़ी खुशदिल दर्शकों से उलझते दिखाई दे रहे हैं। वहीं, पाकिस्तान टीम के क्रिकेटर और कुछ सुरक्षाकर्मी खुशदिल शाह को रोकते दिख रहे हैं। लेकिन खुशदिल उनके रोकने से भी नहीं रुक रहे हैं। बताया जा रहा हैं कि मैदान में मौजूद दर्शकों ने कुछ टिप्पणी की थी। इसके बाद खुशदिल खुद को रोक नहीं पाए और दर्शकों से उलझ गए। बता दें कि इससे पहले भी खुशदिल शाह के साथ न्यूजीलैंड में मसला हो चुका है। न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 सीरिज के दौरान उनके ऊपर मैच फीस का 50 फीसदी जुर्माना लगाया गया था। तब खुशदिल ने बल्लेबाजी करते वक्त कीवी गेंदबाज फॉकेस को टक्कर मारी थी। उन्हें तीन डिमेरिट प्वॉइंट्स भी मिले थे।

## लखनऊ के कप्तान ऋषभ पंत पर लगा भारी भरकम जुर्माना, दिग्वेश राठी को भी बीसीसीआई ने दी सजा

लखनऊ (आरएनएस)। लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान ऋषभ पंत पर शुक्रवार को भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी एकाना क्रिकेट स्टेडियम, लखनऊ में मुंबई इंडियंस के खिलाफ 16वें इंडियन प्रीमियर लीग मैच के दौरान स्लो ओवर रेट बनाए रखने के लिए जुर्माना लगाया गया है. टीम ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ मैच 12 रनों से जीता, लेकिन कप्तान पर जुर्माना लगाया गया, और स्पिनर दिग्वेश राठी को भी टूर्नामेंट का दूसरा डिमेरिट पॉइंट मिला।



लखनऊ के कप्तान पंत पर जुर्माना लगाया गया क्योंकि यह इस सीजन में टीम का पहला अपराध था. दिग्वेश पर आईपीएल आचार संहिता के उल्लंघन के लिए उनकी मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है।

आईपीएल गवर्निंग काउंसिल की ओर से जारी आधिकारिक बयान में कहा गया, लखनऊ सुपर जायंट्स के गेंदबाज दिग्वेश सिंह पर शुक्रवार को भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी एकाना क्रिकेट स्टेडियम, लखनऊ में मुंबई इंडियंस के खिलाफ अपनी टीम के मैच के दौरान आईपीएल आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है. इसमें आगे कहा गया है, यह इस सीजन में अनुच्छेद 2.5 के तहत उनका दूसरा लेवल 1 अपराध था और इसलिए, उन्होंने दो डिमेरिट पॉइंट जमा किए हैं, इसके अलावा एक डिमेरिट पॉइंट जो उन्होंने 01 अप्रैल, 2025 को पंजाब किंग्स के खिलाफ एलएसजी के मैच के दौरान जमा किया था. आचार संहिता के लेवल 1 उल्लंघन के लिए, मैच रेफरी का फैसला अंतिम और बाध्यकारी है।

# दिल्ली की लगातार तीसरी जीत, चेन्नई सुपर किंग्स को 25 रन से हराया



चेन्नई (ए)। आईपीएल के एक मैच में चेन्नई सुपर किंग्स को दिल्ली कैपिटल्स ने 25 रन से हरा दिया या। यह दिल्ली की लगातार तीसरी जीत है।

शनिवार के पहले मुकाबले में 184 रन का टारगेट चेज कर रही चेन्नई की टीम 20 ओवर में 5 विकेट पर 158 रन बना सकी। विजय शंकर 69 और एमएस धोनी 30 रन बनाकर नाबाद लौटे। दिल्ली से विपराज निगम को 2 विकेट मिले। मिचेल स्टार्क, मुकेश कुमार और कुलदीप यादव को एक-एक विकेट मिला।

चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में दिल्ली ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग की। टीम ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 183 रन बनाए। केएल राहुल ने 51 बॉल पर 77 रन की पारी खेली। अभिषेक पोरेल ने 33, ट्रिस्टन स्टब्स ने नाबाद 24 और समीर रिजवी ने 20 रनों का योगदान दिया। खलील अहमद ने 2 विकेट लिए।

### *डेरिल मिशेल ने रचा इतिहास, वनडे क्रिकेट में हासिल की बड़ी उपलब्धि*

*माउंट माउंगानुई, (आरएनएस)। यूजीलैंड के स्टार बल्लेबाज डेरिल मिशेल ने शनिवार को इतिहास की किताबों में अपना नाम दर्ज करा लिया. वह न्यूजीलैंड के सबसे तेज 2000 वनडे रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं. उन्होंने शनिवार को पाकिस्तान के खिलाफ तीसरे वनडे में 43 रन की पारी खेलकर यह उपलब्धि हासिल की. मिशेल ने महज 47 पारियों में यह उपलब्धि हासिल की. उन्होंने एंड्रयू जोन्स के 52 पारियों में यह उपलब्धि हासिल करने के रिकॉर्ड को तोड़ा।*

*इसके अलावा, मिशेल सबसे तेज 2000 वनडे रन बनाने वाले दुनिया के 8वें बल्लेबाज बन गए हैं. वह इंग्लैंड के जोनाथन ट्रॉट और वेस्टइंडीज के शाई होप के साथ इस मुकाम पर हैं. इन दोनों ने भी 47 पारियों में यह उपलब्धि हासिल की थी. बता दें कि, भारत के उपकप्तान शुभमन गिल सबसे तेज 2000 वनडे रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं. उन्होंने महज 38 पारियों में यह उपलब्धि हासिल की थी. मिशेल ने पाकिस्तान के खिलाफ तीसरे वनडे में फहीम अशरफ का सामना करते हुए 20वें ओवर की पहली गेंद पर अपनी पारी का दूसरा रन बनाते हुए यह उपलब्धि हासिल की. उन्होंने गेंद को मिडिल और लेग के आसपास मिड-ऑन की ओर मारा और एक रन लिया. मिचेल ने अब तक 47 पारियों में 48.59 की औसत से 2041 रन बनाए हैं।*

## तिलक वर्मा को क्यों किया गया रिटायर्ड आउट? कप्तान हार्दिक और कोच जयवर्धने ने किया बड़ा खुलासा

लखनऊ (ए)। मुंबई इंडियंस के बाएं हाथ के स्टार बल्लेबाज तिलक वर्मा ने इंडियन प्रीमियर लीग में एक अनूठी उपलब्धि हासिल की और वह रिटायर्ड आउट होने वाले चौथे खिलाड़ी बन गए. शुक्रवार को लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ अपनी टीम के मैच में वे 7 गेंद शेष रहते मैदान से बाहर चले गए. 204 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए इंपैक्ट प्लेयर के रूप में आने के बाद उन्होंने 23 गेंदों पर 25 रनों की पारी खेली. आर अश्विन, अथर्व तायडे और साई सुदर्शन आईपीएल इतिहास में रिटायर्ड होने वाले अन्य खिलाड़ी हैं।

तिलक ने तब मैदान छोड़ा, जब एमआई को 7 गेंदों पर 24 रनों की जरूरत थी और उनके पास 5 विकेट बचे थे. हालांकि, वे अंत में फिनिश लाइन पार करने में नाकाम रहे और 12 रन से मैच हार गए।

इस घटनाक्रम के बाद एमआई के मुख्य कोच महेला जयवर्धने ने कहा कि तिलक को वापस पवेलियन बुलाना टीम का एक रणनीतिक फैसला था. जयवर्धने ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, वह बस खेलना चाहता था, लेकिन वह नहीं खेल सका. (हमने) आखिरी कुछ ओवरों तक इंतजार किया, उम्मीद करते हुए कि (वह अपनी लय हासिल कर लेगा), क्योंकि उसने वहां कुछ समय बिताया था, इसलिए उसे खत्म करने में सक्षम होना चाहिए था, लेकिन मुझे लगा कि अंत में, मुझे बस किसी नए खिलाड़ी की जरूरत थी क्योंकि वह संघर्ष कर रहा था. उन्होंने कहा, क्रिकेट में ऐसी चीजें होती हैं. उसे आउट करना अच्छा नहीं था, लेकिन मुझे ऐसा करना पड़ा, उस समय यह एक रणनीतिक फैसला था.

बता दें कि, तिलक उस समय क्रीज पर आए जब एमआई का स्कोर 8.1 ओवर के बाद (86/3) था, उन्होंने सूर्यकुमार यादव के साथ चौथे विकेट के लिए 66 रन की साझेदारी की. सूर्यकुमार ने इस पार्टनरशिप में 46 रन का योगदान दिया।

## विदेश समाचार

# कनाडा में भारतीय नागरिक की चाकू घोंपकर हत्या

ओटावा (आरएनएस)। कनाडा के ओटावा के निकट रॉकलैंड इलाके में एक भारतीय नागरिक की चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई, जिसके बाद स्थानीय अधिकारियों ने तुरंत कार्रवाई की। कनाडा में भारतीय दूतावास ने शनिवार सुबह घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि एक संदिग्ध को हिरासत में ले लिया गया है।भारतीय दूतावास ने एक बयान जारी कर घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया और पीड़ित परिवार को सहायता देने का भी ऐलान किया। दूतावास ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, ओटावा के निकट रॉकलैंड में चाकू घोंपने से एक भारतीय नागरिक की दुखद मौत से हम बहुत दुखी हैं। पुलिस ने बताया है कि एक संदिग्ध को हिरासत में ले लिया गया है। हम शोक संतप्त परिजनों को हर संभव सहायता प्रदान करने के लिए स्थानीय सामुदायिक संघ के माध्यम से निकट संपर्क में हैं।हालांकि चाकू मारने की घटना का विवरण अभी भी अस्पष्ट है, लेकिन स्थानीय मीडिया रिपोर्टों से पता चलता है कि यह घटना सुबह-सुबह क्लेरेंस-रॉकलैंड क्षेत्र में हुई।अधिकारियों ने अभी तक इसकी पुष्टि नहीं की है कि क्या यह वही मामला है जिसका उल्लेख भारतीय दूतावास ने किया है। न्यूज़ के अनुसार, हत्या की चल रही जांच के तहत ओन्टारियो प्रांतीय पुलिस (ओपीपी) ने क्षेत्र में अपनी उपस्थिति बढ़ा दी है।पुलिस ने रॉकलैंड निवासियों को भी चेतावनी जारी की है, जिसमें उन्हें सलाह दी गई है कि वे कानून प्रवर्तन की गतिविधियों में वृद्धि की अपेक्षा करें, जबकि अधिकारी अपराध से जुड़ी परिस्थितियों की जांच जारी रखेंगे।कनाडा स्थित दूतावास ने जनता को आश्वासन दिया कि वह इस कठिन समय में पीड़ित परिवार को सभी आवश्यक सहायता प्रदान कर रहा है। चाकू घोंपने के पीछे का मकसद अभी भी स्पष्ट नहीं है और जांच जारी है। दूतावास ने स्थानीय अधिकारियों के साथ निरंतर संपर्क बनाए रखने का वादा किया है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि परिवार को उनकी ज़रूरत के मुताबिक सहायता मिले और मामले से जुड़ी आगे की कार्रवाई में मदद मिले।

## चीन ने अपनाई जैसे को तैसा वाली पालिसी, अमेरिकी उत्पादों पर ठोका 34 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ

बीजिंग(आरएनएस)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा कई देशों पर लगाए गए टैरिफ का दुनियाभर में असर हो रहा है। वहीं, अब चीन ने भी जैसे को तैसा वाली पालिसी को अपना लिया है। चीन ने भी अमेरिका पर 34 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ लगाने का ऐलान कर दिया है। चीन ने अमेरिका को उसी के लहजे में जवाब देते हुए सभी अमेरिकी उत्पादों पर 34 फीसदी का अतिरिक्त टैरिफ लगाने की घोषणा कर दी है। इससे व्हाइट हाउस में खलबली मच गई है। इससे कुछ दिन पहले ही डोनाल्ड ट्रम्प ने कई देशों पर पारस्परिक टैरिफ लगाने की घोषणा की थी, जिसमें उन्होंने चीन पर सबसे ज्यादा 34 फीसदी का टैरिफ लगाने का ऐलान किया था। अब बीजिंग ने 4 अप्रैल को अमेरिका पर भी 34 फीसदी का टैक्स लगा दिया है। यह अमेरिका के मध्यम और भारी दुर्लभ मृदा तत्वों, जिनमें समारियम, गैडोलीनियम, टेरबियम, डिस्प्रोसियम, ल्यूटेटियम, स्कैंडियम और यिट्रियम जैसे उत्पादों पर लागू होगा। इसके साथ ही चीन ने निर्यात पर नियंत्रण की भी घोषणा की है। इसके अलावा कंप्यूटर चिप्स को लेकर भी बड़े स्तर पर चीन पर एक्सपोर्ट कंट्रोल करने वाला है, ऐसे में अमेरिका को भी तगड़ा झटका देने की पूरी तैयारी की गई है। वैसे चीन ने इसका ऐलान पहले ही कर दिया था, जिस समय राष्ट्रपति ट्रंप ने टैरिफ का ऐलान किया था, चीनी सरकार ने भी जवाबी कार्रवाई की चेतावनी दी थी। अब उसी कड़ी में यह टैरिफ लगाया गया है।

# माइक्रोसॉफ्ट अपना 50वां जन्मदिन, लेकर आया एआई असिस्टेंट कोपायलट




लंदन (ए)। माइक्रोसॉफ्ट अपना 50वां जन्मदिन मना रहा है। इस खास मौके पर कंपनी ने अपने एआई असिस्टेंट कोपायलट के लिए कई नए फीचर्स का ऐलान कर दिया है। कंपनी ने बताया कि वह कोपायलट को यूजर्स के लिए एक बेहद पर्सनलाइज्ड साथी बनाना चाहती है। कोपायलट में आए नए फीचर्स में बेहतर मेमरी, डीप रिसर्च और जेनरेट पॉडकास्ट शामिल हैं। माइक्रोसॉफ्ट के एआई डिविजन के सीईओ मुस्तफा सुलेमान ने बताया कि माइक्रोसॉफ्ट चाहता है कि कोपायलट अलग-अलग यूजर्स के लिए यूनीक, जो उनकी जरूरतों और अपेक्षाओं के अनुकूल हो।

कैसे काम करेगा कोपायलट

कोपायलट का नया फीचर डीप रिसर्च कठिन और मल्टी-स्टेप रिसर्च टास्क को अच्छे से पूरा करता है। यह फीचर एआई को अलग-अलग ऑनलाइन सोर्स और खूब सारे डॉक्यूमेंट्स से जानकारी को निकलने और ऐनालाइज करने में मदद करता है। इससे इन-डेप्थ रिसर्च में लगने वाले समय की काफी बचत होती है। इसके अलावा कोपायलट अब बेहतर मेमरी कैपेबिलिटीज से लैस हो गया है। यह यूजर्स के लिए जरूरी डीटेल्स और प्रेफरेंस को याद रखता है। इससे यूजर्स को एआई का ज्यादा पर्सनलाइज्ड अनुभव मिलता है। साथ ही यह प्रोऐक्टिव टास्क मैनेजमेंट भी ऑफर करता है। यूजर्स इस फीचर को अपने कंट्रोल में रखने के लिए स्टोर्ड इन्फर्मेशन को डिलीट भी कर सकते हैं।कोपायलट अब एआई पावर्ड पॉडकास्ट भी जेनरेट कर सकता है और आपकी पसंद के अनुसार आपको पर्सनलाइज्ड ऑडियो कॉन्टेंट डिलिवर करता है। कोपायलट छुट्टियों की प्लानिंग या घर खरीदने जैसे ऑप्शन्स को ऐनालाइज करके कंपेयर करने के लिए एक कस्टमाइज्ड पॉडकास्ट बना सकता है। इसके अलावा कोपायलट को अगर आप को रिसर्च या कोई वेबसाइट देते हैं, तब यह उसके कॉन्टेंट को ऐनालाइज करके आपके लिए एक पॉडकास्ट तैयार कर देगा ताकि आप उस टॉपिक को बेहतर ढंग से समझ सकें।

बिल गेट्स ने शेयर किए पुराने फोटो माइक्रोसॉफ्ट के 50 साल पूरे होने की खुशी में कंपनी के को-फाउंडर बिल गेट्स ने माइक्रोसॉफ्ट के शुरुआती दिनों के कई फोटोज को इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। गेट्स ने जो रील शेयर किया है उसमें वह एक काउच पर बैठे सेल्फी लेते नजर आ रहे हैं।

### मेक्सिको में मासूम बच्ची में हुई बर्ड फ्लू की पुष्टी, अस्पताल में भर्ती

मैक्सिको सिटी,(ए)। मैक्सिको सिटी के पश्चिमी राज्य दूरांगो की 3 साल बच्ची में बर्ड फ्लू की पुष्टि हुई है। यहां इस वायरस का यह पहला मानव मामला है। स्वास्थ्य अधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि टाइप ए एच5एन1 इन्फ्लूएंजा अमेरिका में जानवरों और कुछ लोगों के जरिए से फैल रहा है।

स्वास्थ्य मंत्रालय ने बयान में कहा कि बच्ची को आहुइला राज्य के पास स्थित टोरेऑन के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसे शुरुआत में फ्लू-रोधी दवा दी गई थी। बयान में कहा गया है कि अभी यह पता नहीं चल पाया है कि बच्ची वायरस की चपेट में कैसे आई।

### पाकिस्तान : केपी के सीएम ने किया अफगान शरणार्थियों को निर्वासित करने का विरोध, कहा शरीफ सरकार की नीति गलत

इस्लामाबाद (आरएनएस)। पाकिस्तान के खैबर-पख्तूनख्वा (के-पी) प्रांत ने संघीय सरकार की निर्वासन नीति को 'दोषपूर्ण' करार दिया और ऐलान किया कि किसी भी अफगान शरणार्थी को क्षेत्र से 'जबरन' निर्वासित नहीं किया जाएगा।



यह निर्णय ऐसे समय में लिया गया जब देश के अन्य भागों में सरकारी निर्देश पर शरणार्थियों को बाहर निकालने के लिए अभियान शुरू हो चुका है।


स्थानीय मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार पाकिस्तान ने अफगान नागरिक कार्ड (एसीसी) धारकों सहित शरणार्थियों के लिए अपने देश लौटने की 31 मार्च की समय सीमा तय की थी।सरकार ने चेतावनी दी थी कि जो लोग समय सीमा के बाद भी नहीं जाएंगे, उन्हें जबरन निर्वासित किया जाएगा।इस्लामाबाद में शुक्रवार को मीडिया को संबोधित करते हुए इमरान खान के नेतृत्व वाली पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के नेता और के-पी के मुख्यमंत्री अली अमीन गंदापुर ने जबरन निर्वासन के खिलाफ अपनी सरकार का संकल्प व्यक्त किया।गंडापुर ने कहा, हम किसी पर दबाव नहीं डालेंगे। हालांकि, अगर कोई स्वेच्छा से अपने देश लौटना चाहता है, तो हम उसके लिए व्यवस्था करेंगे। अफगान शरणार्थियों के संबंध में संघीय सरकार की नीति दोषपूर्ण है।

# डोनाल्ड ट्रंप के नरम पड़े तेवर : टैरिफ को लेकर भारत समेत तीन देशों से बातचीत, मिल सकती है राहत की खबर

न्यूयॉर्क (आरएनएस)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा 2 अप्रैल को भारत समेत कई देशों पर टैरिफ लगाने के ऐलान के बाद अमेरिकी बाजार में उथल-पुथल मच गई है। इस कदम से जहां बाजार में भारी बिकवाली देखी जा रही है, वहीं कॉरपोरेट सेक्टर में भी नाराजगी बढ़ती जा रही है। आर्थिक विशेषज्ञों का मानना है कि ट्रंप के इस फैसले से अमेरिका समेत अन्य देशों में मंदी की आशंका गहरा सकती है। अमेरिकी बाजार पर टैरिफ के नकारात्मक प्रभावों को देखते हुए ट्रंप अब नरम रुख अपना रहे हैं। जानकारी के मुताबिक, वे भारत, इजरायल और वियतनाम के साथ बातचीत की कोशिश में जुट गए हैं। टैरिफ लागू होने की डेडलाइन से पहले ट्रंप इन देशों के साथ मतभेद सुलझाना चाहते हैं।

चीन के जवाबी टैरिफ से भड़के ट्रंप

अमेरिका ने चीन पर 34 प्रतिशत टैरिफ लगाया था, जिसके जवाब में चीन ने भी अमेरिकी वस्तुओं पर उतने ही प्रतिशत टैरिफ लगाने की घोषणा की। ट्रंप ने इस कदम पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि चीन घबरा गया है और यह कदम उसकी बेचैनी को दर्शाता है। बता दें, इससे पहले भी अमेरिका ने चीन पर 20 प्रतिशत टैरिफ लगाया था, जिससे कुल टैरिफ अब 54 प्रतिशत हो चुका है।




शुरुआत में सख्त रुख अपनाने के बाद अब ट्रंप प्रशासन टैरिफ विवाद को बातचीत से सुलझाने की दिशा में प्रयास कर रहा है। अमेरिकी प्रशासन का कहना है कि प्रभावित देश घबराने की बजाय सीधा संवाद करें। एक सोशल मीडिया पोस्ट में ट्रंप ने बताया कि वियतनाम की कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव तो लाम ने प्रस्ताव दिया है कि अगर आपसी समझौता होता है, तो वे अपने टैरिफ को शून्य तक कम करने को तैयार हैं।सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका भारत, इजरायल और वियतनाम के साथ विशेष व्यापारिक समझौतों को लेकर बातचीत कर रहा है। व्हाइट हाउस के एक वरिष्ठ सलाहकार ने बताया कि ट्रंप नए टैरिफ लागू होने से पहले ही इन देशों से समझौता कर लेना चाहते हैं। अगर यह बातचीत सफल रहती है, तो टैरिफ विवाद का हल निकल सकता है और वैश्विक व्यापार को राहत मिल सकती है। गौरतलब है कि ट्रंप ने भारत पर 27त्न टैरिफ लगाया है, हालांकि व्हाइट हाउस ब्रीफिंग में उन्होंने 26त्न टैरिफ का जिक्र किया था।

## क्रीवी रीह पर रूसी मिसाइल हमले में 16 लोगों की मौत

कीव (ए)। यूक्रेन के क्रीवी रीह पर रूसी मिसाइल हमले में छह बच्चों सहित करीब 16 लोगों की मौत हुई हैं, जबकि 50 से ज्यादा लोग घायल हो गए। वहीं खार्किव में ड्रोन से भी हमले किए गए। ड्रोन हमले में पांच लोगों की मौत हो गई। यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की ने लिखा कि रूसी मिसाइल हमले के बाद क्रिवी रिह में बचाव अभियान जारी है। अब तक, छह बच्चों सहित 16 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। खार्किव में, लक्षित रूसी ड्रोन हमले के बाद पूरे दिन बचाव प्रयास जारी रहे। छह शाहेद ड्रोन द्वारा जानबूझकर किया गया हमला। दुख की बात है कि पाँच लोग मारे गए। चौंतीस घायल हो गए। सभी परिवारों और प्रियजनों के प्रति मेरी संवेदनाएँ।

# केंद्रीय कृषि मंत्री श्री चौहान ने सलकनपुर में की मां विजयासन देवी की पूजा अर्चना

## माता विजयासन से की देश-प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना



सीहोर, (निप्र)। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सपरिवार सलकनपुर पहुंचकर मां विजयासन देवी की विधिवत पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर उन्होंने देश प्रदेश की जनता के कल्याण, समृद्धि और सुख-शांति की प्रार्थना की।

# गोदाम स्तरीय उपार्जन केंद्रों का ताला प्रातः 07 बजे खोलने के कलेक्टर ने दिए निर्देश

## किसानों को न हो असुविधा, गेंहू खरीदी का कार्य न हो प्रभावित : कलेक्टर




सीहोर, (निप्र)। शासन के निर्देशानुसार जिले में 15 मार्च से 05 मई तक गेंहू उपार्जन का कार्य किया जा रहा है। उपार्जन के लिए जिले में उपार्जन केंद्र भी निर्धारित किए गए हैं।

उपार्जन नीति के अनुसार उपार्जन केन्द्र प्रात: 08 बजे नही खुलने की शिकायतें प्राप्त होने पर कलेक्टर बालागुरू के. ने जिले के सभी एमपीडब्ल्यूएलसी शाखा प्रबंधकों को निर्देश दिए हैं कि इन शिकायतों का भौतिक सत्यापन कर चाही गई जानकारी जल्द से जल्द उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि किसानों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए जिले के सभी निर्धारित गोदाम स्तरीय उपार्जन केन्द्रों का ताला प्रात: 07 बजे खुलवाया जाए। इसके साथ ही गोदामों पर किसानों की सुविधा के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित की जाएं।

# आज किया जाएगा भागवत कथा का विश्राम, महा प्रसादी का वितरण

## भागवत कथा में धूमधाम से हुआ कृष्ण-रुक्मणी विवाह, झांकी सजाई



सीहोर, (निप्र)। शहर के शुगर फैक्ट्री एक निजी गार्डन में दाने परिवार के तत्वाधान में जारी श्रीमद् भागवत कथा में छठे दिन श्री कृष्ण और रुक्मणि का विवाह बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। विवाह उत्सव के दौरान प्रस्तुत किए गए भजनों के दौरान श्रद्धालु अपने आप को रोक नहीं पाए और जमकर नाचे। इस मौके पर भगवान श्रीकृष्ण और माता रुकमणी की झांकी भी सजाई गई थी। वहीं रविवार की शाम को कथा के विश्राम के पश्चात महाप्रसादी का वितरण किया जाएगा। कथा के छठवे दिन कथा वाचक पंडित गिरिजा शंकर तिवारी ने कहाकि श्रीमद् भागवत कथा सुनने से मनुष्य को भक्ति के लिए ज्ञान की प्राप्ति होती है। उसी के आधार पर उसे मुक्ति मिलती है। कहा कि प्रत्येक प्राणी किसी न किसी तरह से दुखी व परेशान है। कोई स्वास्थ्य से दुखी है, कोई परिवार, कोई धन, तो कोई संतान को लेकर परेशान है। सभी परेशानियों से मुक्ति पाने के लिए ईश्वर की आराधना ही एकमात्र मार्ग है।उन्होंने कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण और माता रुकमणी के मंगल का वर्णन करते हुए कहाकि रुक्मणी भगवान की माया के समान थीं, रुक्मणि ने मन ही मन यह निश्चित कर लिया था कि भगवान श्री कृष्ण ही मेरे लिए योग्य पति हैं लेकिन रुक्मिणी का भाई रूकमी श्रीकृष्ण से द्वेष रखता था इससे उसने उस विवाह को रोक कर, शिशुपाल को रुक्मिणी का पति बनाने का निश्चय किया, इससे रुक्मिणी को दुख हुआ। उन्होंने अपने एक विश्वासपात्र को भगवान श्री कृष्ण के पास भेजा साथ ही अपने आने का प्रयोजन बताया। इसके बाद श्री कृष्ण जा पहुंचे। उधर रुक्मणी का शिशुपाल के साथ विवाह की तैयारी हो रही थी। परंतु उनकी प्रार्थना का असर हुआ और श्री कृष्ण का विवाह रुक्मणी के साथ हुआ। कथा सुनने आए श्रद्धालुओं भगवान श्री कृष्ण व रुक्मणी की झांकी के दर्शन किये। दाने परिवार की ओर से अश्वनी दाने, देवेन्द्र दाने, अशोक ठाकुर, भव्यु प्रजापति, रितेश राठौर, सूरज मोर्य, अनमोल, मुकेश मेवाड़ा आदि ने पूजा अर्चना की।

# कुबेरेश्वरधाम पर रामनवमी के पावन अवसर पर दोपहर 12 बजे होगी 108 दीप से महाआरती



सीहोर (निप्र)। हर साल की तरह इस साल भी जिला मुख्यालय के समीपस्थ कुबेरेश्वरधाम पर नवरात्रि के पावन अवसर पर नियमित रूप से पूजा अर्चना की जा रहा है। प्रतिदिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु यहां पर आ रहे है। जिनको विठलेश सेवा समिति की ओर से निशुल्क रूप से रुद्राक्ष के अलावा भोजन-प्रसादी और पेयजल की व्यवस्था की जा रही है। रामनवमी के पावन अवसर पर दोपहर बारह बजे 108 दीपों से महा आरती की जाएगी, इसके अलावा यहां पर जारी भंडारे के दौरान करीब चार क्विंटल हलवा का भोग भी लगाकार प्रसादी का वितरण किया जाएगा। अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के मार्गदर्शन में रोजाना सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक वितरण किया जा रहा है। विठलेश सेवा समिति और प्रशासन ने श्रद्धालुओं के लिए पूरी व्यवस्था की है। श्रद्धालुओं को निशुल्क भोजन और ठंडाई की सुविधा मिलेगी। धूप और बारिश से बचाव के लिए शेड बनाए गए हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए 9 काउंटर बनाए गए हैं। इनमें 8 काउंटर सामान्य श्रद्धालुओं के लिए और एक काउंटर विशेष रूप से दिव्यांगजनों के लिए किया गया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए विठलेश सेवा समिति के पंडित विनय मिश्रा और समीर शुक्ला ने बताया कि रामनवमी पर महा आरती का आयोजन किया जाएगा। जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहेंगे। वहीं शनिवार को भी हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे थे। जिनको समिति की ओर से रुद्राक्ष वितरण किया गया।

# पांच दिवसीय प्राण-प्रतिष्ठा दिव्य अनुष्ठान के साथ आज किया जायेगा भंडारे का आयोजन

सीहोर, (निप्र)। राठौर समाज कस्बा के द्वारा भगवान श्रीराम दरबार शिव परिवार और राधा कृष्ण हनुमान जी की प्रतिमा के लिए प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसके अंतर्गत बुधवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई थी, वहीं शनिवार पूर्ण विधि-विधान से नित्य पूजन, हवन, प्रतिमा का 94 कलशों द्वारा महा स्नान के अलावा वस्त्रशध्याधिवास का आयोजन किया गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए मंदिर समिति की ओर से धर्मेन्द्र राठौर ने बताया कि रविवार को सुबह आठ बजे 12 बजे तक नित्य पूजन, हवन, प्राण-प्रतिष्ठा और पूर्ण आहुति अन्य दिव्य पूजन अर्चना की जाएगी। वहीं भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

श्री राठौर ने बताया कि पूर्णाहुति का आयोजन और प्राण-प्रतिष्ठा आगामी छह अप्रैल को रामनवमी पर पंडित पृथ्वीवल्लभ दुबे के सानिध्य में किया जाएगा। उन्होंने क्षेत्रवासियों से महोत्सव में शामिल होने की अपील की है।

# मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव को ज्ञापन सौंपकर कर्मचारियों ओर पैंशनरो की मांगों के निराकरण की मांग की : प्रांताध्यक्ष

सीहोर, (निप्र)। मप्र शासकीय अधिकारी कर्मचारी जनकल्याण संघ कै प्रांताध्यक्ष रामगोपाल सेन के नेतृत्व में महासमिति के सदस्य सुधीर उपासनी, एल.एन. सेन, विवेक साहू, संदीप गोले, राशिद मो. खान की उपस्थिति में गत तीन अप्रैल को राज्य मंत्रालय बल्लभ भवन भोपाल में मुख्यमंत्री सचिवालय और मुख्य सचिव कार्यालय में प्रदेश के कर्मचारियों ओर पैंशनरो की मांगों से संबंधित अलग-अलग चार ज्ञापन सौंपकर उनके शीघ्र निराकरण की मांग की। प्रांताध्यक्ष रामगोपाल सेन ने जारी विज्ञप्ति में बताया कि प्रथम ज्ञापन में शासनादेश संलग्न कर2023से पूर्व सेवानिवृत्त अधिकारी कर्मचारी जो 35 वर्ष की सेवा पूर्ण कर रिटायर्ड हो गये उन्हें भी चतुर्थ वेतनमान का लाभ दिलाने हेतु प्रथक से संशोधित आदेश जारी करायें/द्वितीय ज्ञापन में माननीय मुख्यमंत्री ओर मुख्य सचिव को अवगत कराया कि केंद्र सरकार ने अपनेपैशनरो को जुलाई 24 में तीन प्रतिशत ओर जनवरी 25 में दो प्रतिशत मंहगाई भत्ता दिया है लेकिन मप्रके केपैशनर उक्त अवधि के डी ए से वंचित हैं उन्हे तत्काल दोनों अवधि का पांच प्रतिशत मंहगाई भत्ता दिया जावे/कर्मचारी जनकल्याण संघ के प्रांताध्यक्ष रामगोपाल सेन ने तृतीय ज्ञापन में मप्रके स्कूल शिक्षा विभाग की शहरी शालाओं में स्वीकृत पदों के विरुद्ध एक ही विषय के एक ही शाला दो से तीन तक पदस्थ शिक्षकों को रिक्तता बाली शाला में भेजकर शासन के अपव्यय को रोकने के साथ ही शासकीय कार्यालयों में स्टोर, स्थापना, लेखा शाखाओं में तीन शाल तक पदस्थापना की नीति का पालन कराना प्रमुख हैं उपरोक्त चारों ज्ञापन की मांगों को हल कराने की मांग करने वालों में मप्र शासकीय अधिकारी कर्मचारी जनकल्याण संघ के प्रांताध्यक्ष रामगोपाल सेन सहित बीएम सिंह सिसौदिया, आलोक शर्मा, पी.के. श्रीवास्तव, आर.आर. उइके, विमलेश कुमार सिंह, सिद्दू सिंह ठाकुर, दीपक यादव, चंद्र कांति श्रीवास्तव, समता यादव, योगिता लोधी, विजय शर्मा, एल.एल. माहेश्वरी, बहादुर सिंह परमार, बलराम सिसोदिया, सतीश त्यागी, सुधीर उपासनी, एल.एन. सेन, सुरेन्द्र मालवीय, सुनील भार्गव, बी.एस. दैवडा, अरूण ठाकुर, व्ही.पी. परिहार, आर.सी. डोहर, जितेन्द्र मालवीय, के.एस. कोदिया, प्रेम नारायण मालवीय, गेंदालाल वशिष्ठ, इंदरसिंह चौहान, महेश बगवैया, मूलचंद्र दहेलिया, मोहन सोनगरा आदि प्रमुख हैं।

# प्रधान जिला न्यायाधीश ने किया जिला जेल का निरीक्षण

## बंदियों को प्रदान किए स्वावलंबन प्रशिक्षण प्रमाण पत्र



सीहोर (निप्र)। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष प्रकाश चंद्र आर्य द्वारा सीहोर स्थित जिला जेल का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर प्रधान जिला न्यायाधीश ने बंदियों के लिए विधिक जागरूकता शिविर आयोजित कर दक्षता निर्माण के लिए जिला जेल के दक्षता से स्वावलंबन के अंतर्गत प्रशिक्षण प्राप्त बंदियो को प्रमाण-पत्र भी वितरित किये गये। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीहोर द्वारा बैंक ऑफ इंडिया लीड बैंक एवं ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान के सहयोग से बंदियों में दक्षता निर्माण के लिए जिला जेल प्रदेश स्तरीय एक नई पहल दक्षता से स्वावलंबन प्रारंभ की गई है। जिसके अंतर्गत चिन्हित बंदियों को स्वरोजगार के लिए 10 दिवसीय वोकेशनल प्रशिक्षण दिया जा रहा है, इसमें उन्हें अगरबत्ती, साबुन, सर्फ एवं फिनाइल आदि निर्माण का प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। इस अवसर पर प्रधान जिला न्यायाधीश श्री प्रकाश चंद्र आर्य ने कहा कि महात्मा गांधी के अमृत वचन को हमें अपने जीवन में अपनाकर सदैव अपराध से हमेशा दूर रहना चाहिए। उन्होंने दक्षता निर्माण के लिए जेल में चलाई जा रही इस अनूठी पहल की प्रशंसा करते हुये कहा कि भविष्य में भी निरंतर ऐसे कार्यक्रमों का संचालन होना चाहिए।

# सभी छात्रावासों में बनेगी नशा-मुक्ति समितिया राज्य स्तरीय समिति की बैठक सम्पन्न

सीहोर, (निप्र)। प्रदेश में नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत समस्त छात्रावासों में नशा-मुक्ति समितियां गठित की जायेंगी, जो शैक्षणिक संस्थाओं में सक्रिय रहेंगी और छात्र-छात्राओं को नशा और उसके दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करेंगी। प्रमुख सचिव सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण श्रीमती सोनाली पोंक्षे वायंगणकर की अध्यक्षता में आयोजित राज्य स्तरीय नशा-मुक्ति समिति की बैठक में यह निर्णय लिया गया। प्रमुख सचिव श्रीमती वायंगणकर ने कहा कि भारत सरकार ने अगस्त 2020 से नशा-मुक्त भारत अभियान शुरू किया था। इसमें प्रदेश के सभी 55 जिलों को शामिल किया गया है। अभियान के तहत नशे के दुष्परिणामों से संबंधित जागरूकता कार्यक्रम संचालित किए जायेंगे। मध्यप्रदेश में 11 हजार 500 मास्टर वॉलंटियर्स बनाए गये हैं, जो लोगों को जागरूक करने का कार्य कर रहे हैं।प्रमुख सचिव श्रीमती वायंगणकर ने राज्य स्तरीय समिति के सभी सदस्यों और विभागों से सक्रिय भागीदारी की अपील की है। इसमें लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग, आयुष विभाग, अनुसूचित जाति कल्याण विकास विभाग, भारत सरकार नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो, मध्यप्रदेश पुलिस नारकोटिक्स विंग, राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम, यूएनडीपी अहम भूमिका निभायेंगे।

# सूखा राहत प्रकोष्ठ कंट्रोल रुम स्थापित

*सीहोर, (निप्र)। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री द्वारा जारी आदेशानुसार चालू ग्रीष्मकाल में पेयजल शिकायतों की सूचना प्राप्त कर संकलित करने, संबंधितों को प्रेषित करने, प्राप्त शिकायतों पर की गई कार्यवाही का विवरण संकलित करने एवं ग्रामीण पेयजल व्यवस्था की मॉनिटरिंग से संबंधित समस्त जानकारी संकलित करने के लिए खण्ड सीहोर, उपखण्ड सीहोर, आष्टा, बुधनी, भैरूंदा के अन्तर्गत सूखा राहत प्रकोष्ठ-2025 (कन्ट्रोल रूम) का गठन किया गया है। यह प्रकोष्ठ दो पारियों में रहेगा। इसके लिए अलग-अलग शासकीय सेवकों की ड्यूटी लगाई गई है तथा प्रकोष्ठ प्रभारी भी बनाए गए हैं। जारी आदेशानुसार लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड सीहोर के लिए दीपक दरोठिया को प्रकोष्ठ प्रभारी बनाया गया है, जिनका मोबाइल नंबर 9893416712 है। इसी प्रकार उपखंड सीहोर के लिए गणेश सोनी मोबाइल नंबर 9425682161, उपखंड भैरूंदा के लिए राजकुमार पर्ते मोबाइल नंबर 9589499102, उपखंड आष्टा के लिए कमल सिंह जावरिया मोबाइल नंबर 9584830092 तथा उपखंड बुधनी के लिए राजकुमार सोलंकी मोबाइल नंबर 9489803741 को प्रकोष्ठ प्रभारी बनाया गया है।*

# पगारिया हाट उप स्वास्थ्य केंद्र एनक्यूएएस प्रमाणित

सीहोर(निप्र)। राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (एनक्यूएएस) की टीम द्वारा आष्टा विकासखंड के पगारिया उप स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया गया। टीम द्वारा




केंद्र में संचालित सेवाओं एवं संपूर्ण केंद्र की मानक जांच की गई। जांच के दौरान केंद्र में सभी स्वास्थ्य सेंवाएं गुणवत्तपूर्ण ढ़गं से संचालित पाई गईं। टीम द्वारा मानक जांच के पश्चात दोनों उप स्वास्थ्य केंद्रों को एनक्यूएएस प्रमाणित किया गया। सीएमएचओ ने बताया कि बुधनी में अनमोल पोर्टल 2.0 का विकासखंड स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सभी डीएचओ, डीपीएम, एमएनडी एवं स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी कर्मचारियों को पोर्टल के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

# मरीह माता मंदिर में सोमवार को भव्य भंडारे का आयोजन

सीहोर (निप्र)। हर साल की तरह इस साल भी नवरात्रि के पावन अवसर पर शहर के विश्रामघाट स्थित मरीह माता मंदिर में आस्था और उत्साह के साथ पर्व मनाया जा रहा है। नवरात्रि के पावन अवसर पर प्रतिदिन मंदिर में सुबह हवन-पूजन के पश्चात कन्या भोज और महिला मंडलों को द्वारा भजन कीर्तन किया जा रहा है। शनिवार को नवरात्रि के सातवें दिन कालरात्रि मां का पूजन अर्चन किया गया, अब रविवार को महाष्टमी को रात्रि बारह बजे सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं के द्वारा आरती की जाएगी और सोमवार को भंडारे का आयोजन किया जाएगा। चौसट योगिनी मरीह माता मंदिर के व्यवस्थापक गोविन्द मेवाड़ा, रोहित मेवाड़ा, जितेन्द्र तिवारी, ज्योतिषाचार्य पंडित गणेश शर्मा, पंडित उमेश दुबे, सुनील चौकसे आदि ने दुर्गा सप्तशती का पाठ किया।

जिला संस्कार मंच के जिला संयोजक मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि मरीह माता मंदिर में हर नवरात्रि पूरी आस्था के साथ मनाई जाती है। वर्ष में चार नवरात्रि आती है, इसमें दो गुप्त और दो प्रकट होती है। इन दिनों चैत्र नवरात्रि का आयोजन किया जा रहा है। नवरात्रि के नौ दिन मां दुर्गा की पूजा को समर्पित है। इस दौरान माता रानी के नौ अलग-अलग स्वरूपों की पूजा की जाती है, जिसमें सातवां रूप माता कालरात्रि का है। बता दें नवरात्रि के सातवें दिन देवी कालरात्रि की पूजा की जाती है। उनकी आराधना से सभी बुरी शक्तियां दूर रहती हैं। साथ ही व्यक्ति को सभी पापों से मुक्ति मिलती है और शत्रुओं का भी नाश हो जाता है।

# नवीन अनमोल 2.0 का प्रशिक्षण



सीहोर(निप्र)। बुधनी में जननी सुरक्षा योजना एवं मुख्यमंत्री श्रमिक सेवा प्रसूति सहायता योजना के हितग्राहियों के लिए हुआ नवीन अनमोल 2.0 का प्रशिक्षण, अब योजना का लाभ लेने हेतु हितग्राही को बैंक खाता देने की जरूरत नहीं, केवल अपना समग्र आई डी परिवार में दर्ज कराना होगा, साथ ही समग्र को आधार से ई केवायसी और आधार को बैंक खाते से ई केवायसी कराना अनिवार्य हुआ अब हितग्राही का दायित्व, योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रक्रिया पूर्ण कराने के लिए पंचायत स्तर पर शिविर लगाए जाऐंगे। इस अवसर पर डॉ रामहित कुमार सीबीएमओ, डॉ अश्विनी दायमा प्रभारी चिकित्सा अधिकारी सीएचसी रेहटी, विनोद सावला एमएंडई अधिकारी, बीपीएम, बेम, बीसीएम, बीईई, समस्त सुपरवाईजर,सीएचओ, एएनएम, डीईओ, नर्सिंग आफिसर एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सीहोर जिले की लखपति दीदी से ग्रामीण विकास मंत्रालय के सचिव ने की चर्चा

सीहोर (निप्र)। ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार के सचिव की अध्यक्षता में ऑनलाइन विडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से पोस्ट बजट कंसल्टेशन का आयोजन किया गया। वीसी में सीहोर जिले की लखपति दीदी श्रीमती सुरभि शर्मा सहित देश के विभिन्न राज्यों की 11 लखपति दीदियां शामिल हुईं। वीसी में सभी 11 लखपति दीदियों से वर्ष 2026 से 2031 तक क्रियान्वित होने वाले रूरल प्रोस्पेरिटी एंड रिसायलेंस प्रोग्राम के संबंध में चर्चा की गई। वीसी में सीहोर जिले की एनआरएलएम अंतर्गत गठित महिला किसान क्रॉप प्रोड्यूसर कंपनी की बोर्ड ऑफ़ डायरेक्टर श्रीमती सुरभि शर्मा ने उनकी कंपनी के व्यापार एवं उसके विस्तार के सम्बन्ध में अवगत कराया। श्रीमती सुरभि ने बताया कि उनकी कंपनी का गठन 2021 में हुआ तथा वित्तीय वर्ष 2024-25 में उनकी कंपनी का टर्नओवर 4 करोड़ के टर्नओवर तक पहुंच गया है। लखपति दीदी श्रीमती सुरभी शर्मा ने इस राह में आने वाली चुनौतियों के बारे में भी बताया और अपने अनुभव साझा किये। उन्होंने बताया कि उनकी कंपनी आईटीसी जैसे बड़े बाजारों के साथ कार्य कर रही है। मंत्रालय के संयुक्त सचिव एवं राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की सीईओ द्वारा लखपति दीदी श्रीमती सुरभि शर्मा को उनके उत्कृष्ट प्रस्तुतीकरण के लिए बधाई दी गई।

# कोक्लीयर इंप्लांट सर्जरी के बाद अब सुन और बोल पा रही है लक्ष्मी



सीहोर(निप्र)। आष्टा तहसील निवासी बालिका लक्ष्मी के माता पिता के चेहरे की खुशी उस समय देखने लायक थी जब उनकी 03 वर्ष की बेटी कुमारी लक्ष्मी प्रजापति कोक्लीयर इंप्लांट सर्जरी के बाद सुनने तथा बोलने लगी। दरअसल बालिका लक्ष्मी 3 वर्ष की होने के बाद भी बोल नही पाती थी। आरबीएसके दल द्वारा आंगनबाड़ी के भ्रमण के दौरान बच्ची का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। स्वास्थ्य परीक्षण में पाया गया कि बच्ची न तो सुन पा रही और न ही बोल पा रही है। इसके पश्चात बालिका को आरबीएसके योजनांतर्गत सीहोर स्थित जिला शीघ्र हस्तक्षेप केन्द्र (डीईआईसी) में रेफर किया गया। डीईआईसी में ऑडियोलॉजिस्ट द्वारा बालिका की जांच की गई तथा बालिका को श्रवण यंत्र प्रदान किया गया। इसके साथ ही कई दिनों तक थेरेपी दी गई। इसके बाद भी कोई सुधार न होने पर बालिका का बाल श्रवण उपचार योजना के तहत मान्यता प्राप्त अस्पताल में रेफर कर निशुल्क कोक्लीयर इम्प्लांट ऑपरेशन कराया गया। कोक्लीयर इंप्लांट के सफल ऑपरेशन के बाद अब वह सुन भी पा रही है और बोल भी पा रही है।

# शासकीय महिला आईटीआई में रोजगार कैंप 08 अप्रैल को

सीहोर(निप्र)। शासन के निर्देशानुसार रोजगार विभाग द्वारा युवा संगम के तहत सीहोर स्थित शासकीय महिला आईटीआई कॉलेज में 08 अप्रैल को प्रात: 10:30 से 03 बजे तक रोजगार कैंप आयोजित किया जाएगा। इस रोजगार कैंप में निजी क्षेत्र की एलटी क्रिस क्रॉप प्रालि, शिवशक्ति एग्रीटेक लि, जीएसएस प्रीलि, हेटेराईज इंफोटेक प्रालि, कोडरविंग, नवभारत फर्टिलाइजर, पुखराज हेल्थ केयर प्रा लि कम्पनियों द्वारा 1250 से अधिक पदों पर युवाओं की भर्ती की जाएगी।


**कार्यालय जनपद पंचायत सीहोर, जिला सीहोर**

(आई.एस.ओ. 9001-2008 प्रमाणित संस्था)

(E-mail:jpsehore-mp@nic.in)

क्रमांक/1001/जनपद/2025 सीहोर दिनांक 03/04/2025

**वाहन किराये पर लेने हेतु निविदा विज्ञप्ति**

जनपद पंचायत सीहोर में मनरेगा योजनांतर्गत निर्माण कार्यो के निरीक्षण उपयोग हेतु बोलेरो/स्कोर्पियो डीजल वाहन स्वामियों से इन वाहनों की मासिक किराये की दरें निर्धारित प्रपत्र में अद्योहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में दिनांक 25.04.2025 के दोपहर 12 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र राशि 200/- जमा कर जनपद पंचायत सीहोर से क्रय किये जा सकते है, प्राप्त निविदाएँ दिनांक 25.04.2025 को दोपहर 3 बजे उपस्थित निविदा दाताओं के समक्ष खोली जाएगी निविदा से संबंधित विविरण एवं शर्तें कार्यालयीन समय में कार्यालय जनपद पंचायत सीहोर में अवलोकित की जा सकती है निविदाओं को स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सीहोर को रहेगा। निविदाकर्ता/प्रतिनिधि की उपस्थिति अनिवार्य होगी।

**मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सीहोर**


स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिटंर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा 09 वैशाली नगर ग्राम शेरपुरा शंकर मंदिर के पास सीहोर म.प्र. से प्रकाशित।
ब्यूरो प्रमुख -भावना सक्सेना। स्थानीय प्रतिनिधि-मनोज दीक्षित, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो.9425025999 ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com